संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 14 नवंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 314 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े।



## चतुर्थ पुण्यतिथि पर
# भावपूर्ण श्रद्धांजलि
# श्रद्धेय श्री राकेश भारद्वाज जी
## की पुण्यतिथि पर कोटि कोटि नमन

**01-02-1961 — 14-11-2020**

हम सब हर घड़ी, हर पल, हर क्षण, हर दिन आपके गरिमामयी, ओजस्वी और महान व्यक्तित्व को महसूस करते हुए निर्वाण की पावन तिथि पर शत्-शत् नमन करते हैं। बीते चार वर्षों में कोई क्षण ऐसा नहीं रहा, जब आपके होने का अहसास नहीं हुआ हो। आपके द्वारा आलोकित पथ पर सदैव अग्रसर रहने का संकल्प लेते हैं।

### श्रद्धावनत

- गीता राकेश भारद्वाज
- रवि राकेश भारद्वाज
- दीपिका भारद्वाज
- ऋचा शर्मा-अभिषेक शर्मा
- एश्वर्या भारद्वाज

- एक्शन इंडिया मीडिया समूह
- द राकेश भारद्वाज मैमोरियल ट्रस्ट
- मारुतिनंदन प्रिंटर्स
- जन जागरण मीडिया समूह
- द प्रिंटिंग हब

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 14 नवंबर 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# गाजियाबाद के होटल में देह व्यापार का भंडाफोड़

टीम एक्शन इंडिया

**मोदीनगर।** निवाड़ी पुलिस ने सोमवार को दिल्ली-मेरठ मार्ग पर कोयो होटल में छापेमारी कर देह व्यापार बंद करा दिया। वहां से पुलिस ने एक युवक व होटल मैनेजर को गिरफ्तार किया है। चार महिलाओं से पूछताछ कर उन्हें स्वजन को सुपुर्द कर दिया गया। मौके से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई है। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय की शिकायत पर निवाड़ी थाने में केस दर्ज कराया गया है। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर खिंदौड़ा गांव के कार्तिक चौधरी का कोयो होटल है। यहां मैनेजर खिंदौड़ा गांव का ही शिवम कुमार है। पुलिस को सूचना मिली थी यहां देह व्यापार चल रहा है। एसीपी मोदीनगर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां चार महिलाएं व एक युवक था। पुलिस ने उनसे पूछताछ




की तो सारी स्थिति सामने आई। पिछले एक महीने से यहां देह व्यापार चल रहा था। बिना आधार कार्ड व अन्य आईडी के कमरे किराये पर दिये जा रहे थे। मोबाइल पर ही महिलाओं के फोटो भेजे जाते थे। एसीपी ने बताया कि आरोपित शिवम कुमार व एक युवक को हिरासत में ले लिया है। मालिक की तलाश की पुलिस दबिश दे रही है। इसके अलावा, इंदिरापुरम कोतवाली के वसुंधरा सेक्टर एक में फ्लैट में चल रहे देह व्यापार का पुलिस ने पर्दाफाश किया। रविवार को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने छापा मारकर मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। साथ ही तीन महिलाओं को रेस्क्यू किया गया। जांच में पता चला कि यहां चार महीने से देह व्यापार का धंधा चल रहा था। उधर, एक कॉलोनी में मनचले के डर से किशोरी ने स्कूल और ट्यूशन जाना छोड़ दिया। आरोपित काफी समय से किशोरी को तंग कर रहा है। जबरन मोबाइल पर अश्लील मैसेज और फोटो भेजता है। दोस्ती करने का दबाव बनाता है। पिछले दिनों किशोरी ने अपना मोबाइल भी तोड़ दिया था। स्वजन को आरोपित की करतूत सुनाई। केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। एक कॉलोनी का एक व्यक्ति निजी कंपनी में नौकरी करता है। उनकी बेटी एक स्कूल में पढ़ाई करती है। एक आरोपित किशोरी को कई दिनों से तंग कर रहा है। आरोपित ने किशोरी से दोस्ती का दबाव भी बनाया। किशोरी ने परेशान होकर उसे ब्लॉक कर दिया। फिर भी आरोपित फर्जी आईडी बनाकर तंग करने लगा। रास्ते में पीछा करने लगा। काफी समय तक ऐसा ही चला तो किशोरी ने परेशान होकर स्वजन को सारी बातें बताईं।

**आपत्तिजनक**

**चार महिलाओं से पूछताछ कर उन्हें स्वजन को सुपुर्द कर दिया गया। मौके से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई**

## मध्य जिला पुलिस का जुआ के खिलाफ विशेष अभियान, 30 दिनों में 81 गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** मध्य जिले इलाके में जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया है। लगातार उनके ठिकाने के बारे में पता लगाकर वहां छापेमारी की जा रही है। इसी अभियान के तहत पिछले 30 दिनों में पुलिस ने 81 लोगों को गैंबलिंग एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। इससे पांच लाख से ज्यादा की रकम भी बरामद की गई। साथ ही 29 मोबाइल और गैंबलिंग में इस्तेमाल दूसरे सामान को भी जब्त किया गया। मध्य जिले के डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि यह कार्रवाई जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में की गई।


**उत्तर रेलवे**

**टेंडर नोटिस सं. 72/2024-2025 दिनांक: 13.11.2024**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 77249077 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर डायमंड एंड सीजर्स क्रोस्सिंग्स | 275 सेट | 05.12.2024 |
| 02 | 07241558A | यू आई सी टाइप रबर वेस्टीबुल | 925 नग | 06.12.2024 |
| 03 | 15245036B | सेल्फ-कॉन्टैनेड कंप्रेस्ड एयर ब्रीथिंग एपरेटस | 20 नग | 10.12.2024 |

**निविदा शर्तें:-** 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। 3518/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा पे एंड यूज शौचालय एवं पार्किंग के कार्य को IREPS के माध्यम से विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर ठेके पर देने हेतु ई- बोलियाँ **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 29.11.2024 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व **शर्तें www.ireps.gov.in** उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3520/24


## ट्रांसजेंडर पर्सन्स (राइट्स प्रोटेक्शन) एक्ट, 2019 पर परामर्श कार्यशाला आयोजित

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** 13 नवंबर 2024 को समाज कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार ने ट्रांसजेंडर पर्सन्स (राइट्स प्रोटेक्शन) एक्ट, 2019 के कार्यान्वयन पर एक परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में एनजीओ प्रतिनिधियों और जिला मजिस्ट्रेट कार्यालयों के अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में यह बताया गया कि ट्रांसजेंडर व्यक्ति वह होता है जिसका लिंग जन्म के समय निर्धारित लिंग से अलग होता है। इसमें ट्रांस-पुरुष, ट्रांस-स्त्री, अंत:लिंग व्यक्ति, लिंग-समलैंगिक लोग और किन्नर, हिजड़ा, अरावानी और जोगता जैसी सांस्कृतिक पहचान रखने वाले व्यक्ति शामिल हैं।

## विधायक अमानतुल्लाह के खिलाफ चार्जशीट पर फैसला गुरुवार को

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की भर्ती से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ ईडी की ओर से दायर पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने संज्ञान लेने पर कल यानी 14 नवंबर को फैसला सुनाने का आदेश दिया। अमानतुल्लाह खान ने जमानत याचिका भी दायर कर रखी हैए जो अभी लंबित है। कोर्ट ने 5 नवंबर को अमानतुल्लाह को 16 नवंबर तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। ईडी ने 2 सितंबर को अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार किया था। ईडी के मुताबिक दिल्ली वक्फ बोर्ड की भर्ती में गड़बड़ियों में अमानतुल्लाह खान ही मुख्य आरोपित हैं। इस मामले में चार लोग पहले गिरफ्तार किए जा चुके हैंए जो अभी न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी के मुताबिक अमानतुल्लाह खान ने आपराधिक गतिविधियों से काफी संपत्ति अर्जित की और अपने सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदी है। ईडी के मुताबिक छापे के दौरान कई दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य ऐसे मिले हैंए जिनसे पता चलता है कि वो मनी लांड्रिंग के अपराध में लिप्त हैं। ईडी ने 29 अक्टूबर को इस मामले में अमानतुल्लाह खान के खिलाफ 110 पन्नों की पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने पूरक चार्जशीट में अमानतुल्लाह खान के अलावा महिला मरियम सिद्दिकी को आरोपित बनाया है, लेकिन ईडी ने उसे अभी गिरफ्तार नहीं किया है।

**आज फैसला**

**स्पेशल जज ने संज्ञान लेने पर कल यानी 14 नवंबर को फैसला सुनाने का आदेश दिया**

## कॉलोनी के लोग मानते रहे पर्यावरणविद

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में एक हैरान करने वाला मामला प्रकाश में आया है। फ्लैट के अंदर बड़ा खेल चल रहा था। लेकिन जैसे ही कॉलोनी के लोगों को शक हुआ तो उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पूरे मामले का खुलासा हो गया और लोगों के होश उड़ गए। बताया गया कि बीटा दो पार्श्वनाथ पनोरामा सोसायटी के एक फ्लैट में गांजे की खेती करने वाले को सोसायटी के लोग शुरूआत में पर्यावरणविद मानते रहे।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अरसद अली उर्फ अल्लाह रक्खा उर्फ सबिरुल इस्लाम पुत्र सलीम खान,** निवासी वेगाबॉन्ड 213/S 212, कठपुतली कॉलोनी पांडव नगर, नई दिल्ली ग्राम कांशीबन जिला, दरबंगा बिहार। ने **FIR No. 407/2016 U/s 392/394/34 IPC.,** के अंतर्गत **थाना: रंजीत नगर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अरसद अली उर्फ अल्लाह रक्खा उर्फ सबिरुल इस्लाम** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया हैं कि उक्त **अरसद अली उर्फ अल्लाह रक्खा उर्फ सबिरुल इस्लाम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती हैं कि **FIR No. 407/2016 U/s 392/394/34 IPC.,** थाना: रंजीत नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अरसद अली उर्फ अल्लाह रक्खा उर्फ सबिरुल इस्लाम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.12.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आकृति महेन्द्रु Ld. ACJM (West)
कमरा नंबर 145, तीस हजारी कोर्ट,नई दिल्ली

DP/14010/CD/2024



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली" ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है जो उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कालोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है:- **क्र. सं.**-1, **निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण: 21-2024-कालोनी, कार्य का नाम**- असुरन चौराहे से मोहद्दीपुर जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण के कार्य में रेलवे के एच0टी0 एवं एल0टी0 विद्युत लाइन्स के शिफ्टिंग हेतु विद्युत कार्य, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 8,40,74,294.00, **बयाने की राशि (₹)** : ₹ 5,70,400.00, **ई-निविदा फार्म का मूल्य** : शून्य, **कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से**- 06 माह, **क्र. सं.**-2, **निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण: 23-2024-कालोनी, कार्य का नाम**-विद्युत सामान्य संपत्तियों जैसे पंप, स्ट्रीट लाइटिंग, लिफ्ट और सबस्टेशन इत्यादि की निगरानी और नियंत्रण (भारतीय रेलवे मूल आईओटी आधारित उपज विश्लेषण टेलीमेट्री, रिकॉर्डिंग और नियंत्रण-आईआर-एनआईवाईएनटी आरएसी) के लिए आई ओटी उपकरणों/इंटेलिजेंट फील्ड डिवाइस (आईएफडी) का प्रावधान, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 1,34,25,828.00, **बयाने की राशि (₹)** : ₹ 2,17,100.00, **ई-निविदा फार्म का मूल्य:** शून्य, **कार्य पूर्ण करने की समय/ अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से**- 06 माह। **नोट:** • ऑनलाइन-ई निविदा जमा करने की तिथि **04.12.2024** समय **15.00 बजे** तक। • इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कालोनी/ गोरखपुर**
**मुजाधि/विद्युत-168**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी मो. अबजान, पुत्र:** मो. जमील, **पता:** मकान नंबर 3134, वकील वाली गली, कूचा पंडित, हौज काजी, **दिल्ली FIR No: 403/2019, U/s: 379/411 IPC, पुलिस थाना आई.पी. इस्टेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. अबजान,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. अबजान,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मो. अबजान, FIR No: 403/2019, U/s: 379/411 IPC, पुलिस थाना आई.पी. ईस्टेट, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.01.2025** को या उससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
विनोद कुमार
न्यायिक दण्डाधिकारी -03 (केंद्रीय)
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14983/CD/2024
(Court Matter)



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **दिलखुश साहनी पुत्र: हरेराम साहनी, पता:** वाईके झुग्गी कैम्प, यमुना खादर, मयूर विहार, दिल्ली ने **FIR No. 343/2023, U/s 25/54/59, A. Act** थाना: पांडव नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिलखुश साहनी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिलखुश साहनी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 343/2023, U/s 25/54/59, A. Act** थाना: पांडव नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **दिलखुश साहनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.12.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीति अग्रवाला
सीएमएम, जिला पूर्व, कमरा नं. 29
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/14870/ED/2024
(Court Matter)



**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर पार्किंग व पार्सल पैकिंग के फर्श के ठेके आवंटित करने हेतु ई-नीलामी रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेकों का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | नीलामी कैटलॉग सं. | कार्य का विवरण | रेट यूनिट | ट्रिप्स/ दिन | नीलामी प्रारंभ तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | UMB Mix-05-24 | चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन 2nd एंट्री (पंचकुला साइड) पर प्राइवेट कार (7864 वर्ग मी.), भाड़ा (Hired) वाहन (1666 वर्ग मी.), तीन पहिया (786 वर्ग मीटर.) और दो पहिया (1709 वर्ग मी.) का ठेका। कुल एरिया-12,025 वर्ग मी.। | कुल लाइसेंस फीस | 182 | 25.11.2024 15:00:00 |
| 2. | UMB Mix-05-24 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन (सर्कुलर एरिया) पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का संयुक्त ठेका। कुल एरिया- 2384.74 वर्ग मी.। | वार्षिक लाइसेंस फीस | 1095 | 25.11.2024 15:00:00 |
| 3. | UMB Mix-05-24 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर पार्सल पैकिंग के लिए 10'x10' यानि 100 वर्ग फुट के फर्श स्थान का प्रावधान | वार्षिक लाइसेंस फीस | 1095 | 25.11.2024 15:00:00 |

धरोहर राशि, बोली मूल्य में कम से कम बढ़ोतरी मूल्य, नीलामी आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। 3519/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## नोएडा की यूनिवर्सिटी में छात्रों के दो गुटों में मारपीट

टीम एक्शन इंडिया

**नोएडा।** हॉस्टल में छात्रों के दो गुटों में मारपीट होने का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो सेक्टर 39 थाना क्षेत्र के महर्षि यूनिवर्सिटी का होना सामने आया। चर्चा है कि मारपीट किसी लड़की को लेकर हुई और वीडियो एक महीने पुराना है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

1 मिनट 24 सेकंड के वीडियो में कुछ छात्र एक कमरे की ओर जाते हैं। कमरे के अंदर तीन चार युवकों को पीटना शुरू कर देते हैं। भीड़ के दौरान कई छात्र पीड़ितों से मारपीट करते हैं। अन्य छात्रों के बीच में आने और बचाने पर भी आरोपित छात्र नहीं मानते हैं। काफी देर तक लाल टीशर्ट पहने छात्र से मारपीट करते है। एक युवक के अभद्र भाषा बोलते हुए वीडियो बनाने और शिकायत करने पर आरोपित शांत होते हैं। कुछ देर बाद दो अन्य छात्रों पर आरोपित झपट पड़ते हैं। हमले में एक छात्र के दांत में भी चोट आती है और उसके मुंह से खून बहने लगता है। एसीपी प्रथम नोएडा प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि घटना 13 अक्टूबर की रात की है। पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई थी। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने मामला संज्ञान में आने पर दोनों ओर से सात छात्रों को निष्कासित कर दिया था। तेज आवाज में गाने बजाने को लेकर विवाद हुआ था।

वहीं यूनिवर्सिटी एडमिन अधिकारी गिरेश अग्निहोत्री से फोन और मैसेज कर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी ओर से कोई पक्ष नहीं मिल सका।

नोएडा पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मामले में मारपीट करने वाले सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उधर, दनकौर कस्बे में मंगलवार को गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के छात्रों पर लाठी डंडे और तमंचा से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है।

## प्रगति मैदान में मेला 14 नवंबर से शुरू

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2024 का आयोजन बृहस्पतिवार यानि 14 नवंबर से शुरू हो रहा है। व्यापार मेला 27 नवंबर तक चलेगा। व्यापार मेले में हर दिन लगभग 60,000 से ज्यादा आगंतुकों के आने की संभावना है। सप्ताहांत और छुट्टियों के दौरान यह संख्या 1.5 लाख से ज्यादा रहेगी। मेले के दिनों में मथुरा रोड, भैरों मार्ग, रिंग रोड, शेरशाह रोड और पुराना किला रोड पर यातायात जाम की आशंका है।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 14 नवंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 314 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता है। - भगवत गीता"

मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं। -स्वामी विवेकानंद"

## राष्ट्रपति ने सिलवासा में स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर का लोकार्पण किया

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को सिलवासा में स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर, झंडा चौक का लोकार्पण किया और एक सार्वजनिक समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर का लोकार्पण करके उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई है। उन्होंने कहा कि यूटी प्रशासन ने उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए हैं। छात्रों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए 2018 में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज की शुरुआत की गई और 2022 में निफ्ट की स्थापना की गई। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये प्रयास यूटी के युवाओं के लिए एक बेहतरीन अवसर प्रदान करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि इस क्षेत्र में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर बहुत समृद्ध है। इसी वजह से यह संघ राज्य क्षेत्र एक अच्छा पर्यटन स्थल है।

# बुलडोजर एक्शन पर 'सुप्रीम' फैसला

● प्रॉपर्टी तोड़ने से पहले 15 दिन का नोटिस, वीडियोग्राफी जरूरी; अफसर दोषी तो निर्माण कराएगाः सुप्रीम कोर्ट

गाइडलाइंस

▶▶ बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला- आरोपित या दोषी का घर ध्वस्त नहीं किया जा सकता





टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: "घर सबका सपना होता है, ये बरसों का संघर्ष है और सम्मान की निशानी।" अगर घर गिराया जाता है तो अधिकारी को साबित करना होगा कि यही आखिरी रास्ता था। अफसर खुद जज नहीं बन सकते।" बुलडोजर एक्शन पर फैसला सुनाते वक्त सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को यह कमेंट किया। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने बुलडोजर एक्शन पर पूरे देश के लिए 15 गाइडलाइन जारी कीं। अदालत ने कहा कि अगर घर गिराने का फैसला ले लिया गया है तो 15 दिन का समय दिया जाए। घर गिराने की कार्रवाई की वीडियोग्राफी जरूरी है। अगर कोई अफसर गाइडलाइन का उल्लंघन करता है तो वो अपने खर्च पर दोबारा प्रॉपर्टी का निर्माण कराएगा और मुआवजा भी देगा।

**अपना घर हो, अपना आंगन हो, इस ख्वाब में हर कोई जीता है। इंसान के दिल की ये चाहत है कि एक घर का सपना कभी न छूटे।** उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में लगातार बुलडोजर एक्शन के बाद जमीयत-उलेमा-ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। आरोप लगाया था कि इखड शासित राज्यों में मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है और बुलडोजर एक्शन लिया जा रहा है। केंद्र सरकार ने दलील दी थी कि कोर्ट अपने फैसले से हमारे हाथ ना बांधे। किसी की भी प्रॉपर्टी इसलिए नहीं गिराई गई है, क्योंकि उसने अपराध किया है। आरोपी के अवैध अतिक्रमण पर कानून के तहत एक्शन लिया गया है। **जस्टिस** बीआर गवई बोले, "एक आदमी हमेशा सपना देखता है कि उसका आशियाना कभी ना छीना जाए।

## बुलडोजर एक्शन को लेकर दिशा-निर्देश जारी किया



सुप्रीम कोर्ट ने देशभर चल रहे बुलडोजर एक्शन को लेकर दिशा-निर्देश जारी किया है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि अगर कानून की प्रक्रिया का पालन किए बिना किसी आरोपित या दोषी के घर को ध्वस्त कर दिया जाता है तो उसका परिवार मुआवजे का हकदार होगा। साथ ही मनमाने ढंग से या अवैध तरीके से काम करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कार्यपालिका न्यायाधीश बनकर किसी आरोपित की संपति को ध्वस्त करने का निर्णय नहीं ले सकती। न्याय करने का काम न्यायपालिका का है। कार्यपालिका न्यायपालिका की जगह नहीं ले सकती है। कोर्ट ने कहा कि किसी का घर उसकी उम्मीदें है। हर किसी का सपना होता है कि उसका आश्रय कभी न छिने और हर एक का सपना होता है कि उसके पास आश्रय हो। कोर्ट ने कहा कि हमारे सामने सवाल यह है कि क्या कार्यपालिका किसी ऐसे व्यक्ति का आश्रय छीन सकती है जिस पर अपराध का आरोप हो। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद हम आदेश जारी कर रहे हैं, जिसके लिए हमने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व के कई फैसले पर भी विचार किया है। कोर्ट ने कहा कि ये राज्य की जिम्मेदारी है कि वो राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखे और राज्य में कानून का ही राज होना चाहिए।

## झारखंड में तेजी से बढ़ रही घुसपैठियों की आबादीः मोदी



साधा निशाना

▶▶ हमने झारखंड बनाया है, हम ही संवारेंगे। झारखंड में पहले चरण का मतदान हो रहा है

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड में सत्तारूढ़ झामुमो नीत गठबंधन पर खतरनाक वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की बदौलत हिंदुओं और आदिवासियों की आबादी घट रही है, जबकि घुसपैठियों की आबादी तेजी से बढ़ रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को झारखंड के सारठ में विजय संकल्प सभा को संबोधित करते कहा कि भाजपा-एनडीए का एक ही मंत्र है- हमने झारखंड बनाया है, हम ही संवारेंगे। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में पहले चरण का मतदान हो रहा है। रोटी-बेटी और माटी को बचाने का संकल्प आज हर बूथ पर दिख रहा है। महिलाओं और युवाओं के भविष्य के लिए भाजपा ने जो गारंटी दी है, उसे पुरजोर समर्थन मिल रहा है। यह तय है कि इस बार संथाल क्षेत्र में जेएमएम-कांग्रेस का सफाया हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने झारखंड में विदेशियों की घुसपैठ को लेकर चिंता जताई और आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि संथाल क्षेत्र में आदिवासियों की संख्या करीब-करीब आधी रह गई है। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने बाहरी लोगों को इस भूमि का स्थायी निवासी बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया है। उन्होंने इन घुसपैठियों के लिए फर्जी दस्तावेज बनाए हैं।

## भारत-सऊदी साझेदारी प्रगति पर आधारित

बैठक

▶▶ भारत-सऊदी अरब परिषद की, और सांस्कृतिक समिति की बैठक की सह अध्यक्षता की



टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर बुधवार को सऊदी अरब के अपने समकक्ष प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ दूसरी भारत-सऊदी अरब सामरिक साझेदारी परिषद की राजनीतिक, सुरक्षा, सामाजिक और सांस्कृतिक समिति की बैठक की सह अध्यक्षता की। विदेश मंत्री ने कहा कि हमारी साझेदारी प्रगति पर आधारित और भविष्य पर केंद्रित है। विदेश मंत्री ने अपने शुरुआती संबोधन में कहा कि सऊदी अरब का विजन 2030 और विकसित भारत 2047 हमारे उद्योगों के लिए नई साझेदारियां बनाने के लिए पूरक हैं। उन्होंने भारतीय समुदाय की 26 लाख आबादी के कल्याण और उनकी सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सऊदी अरब का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हमारा सुरक्षा सहयोग भी लगातार बढ़ा है। हम आतंकवाद, उग्रवाद, आतंकवाद के वित्तपोषण और मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने में सहयोग कर रहे हैं।

## पहाड़ी इलाकों में युद्ध से निपटने के लिए भारतीय सेना तैयार

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली : भारतीय सेना ने पहाड़ी इलाकों में युद्ध की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। सेना ने 10 नवंबर से अरुणाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में तीन स्तरीय सेवा अभ्यास पूर्वी प्रहार शुरू किया है। भारतीय सेना के मुताबिक इस सैन्य अभ्यास का उद्देश्य पहाड़ी इलाकों में भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना की युद्ध क्षमता को बढ़ाना है। ताकि तीनों सेनाओं में समन्वय और तत्परता बढ़ सके। यह अभ्यास 18 नवंबर तक चलेगा।



उत्तराखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को बदरीनाथ पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बदरीनाथ धाम में विशेष पूजाओं में प्रतिभाग किया।

## भाजपा ने कांग्रेस पर नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) ने कांग्रेस पर चुनाव आयोग के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। बुधवार को भाजपा नेता संबित पात्रा ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि आज झारखंड में चुनाव हो रहे हैं। चुनाव से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार बंद हो जाता है। संविधान और चुनाव नियमों के अनुसार मतदान से पहले के 48 घंटों को 'साइलेंट पीरियड' के रूप में जाना जाता है। उस दौरान कोई भी राजनीतिक दल प्रचार नहीं कर सकता, अपना घोषणा पत्र जारी नहीं कर सकता। कांग्रेस पार्टी, जो कि एक राष्ट्रीय पार्टी है, उसने यह जानते हुए भी मंगलवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया है। यह पहली बार नहीं है कि कांग्रेस पार्टी ऐसा कर रही है। संविधान की कॉपी लेकर घूमने वाले कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी भी चुनाव आयोग को गंभीरता से नहीं लेते।



## पीएम ने बिहार को दी विकास परियोजनाओं की सौगात

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार के दरभंगा में लगभग 12,100 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इनमें दरभंगा एम्स सहित स्वास्थ्य, सड़क, रेल एवं ऊर्जा क्षेत्र की 25 परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने दरभंगा में आयोजित जनसभा में कहा कि हमारी सरकार हमेशा देश के लोगों के विकास के लिए खड़ी है। हमने एक ही कार्यक्रम में 12,100 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में खूब विकास हो रहा है। एनडीए सरकार लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। पड़ोसी राज्य झारखंड में आज विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण के मतदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग 'विकसित झारखंड' के सपने को पूरा करने के लिए वोट डाल रहे हैं। उन्होंने झारखंड के सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान में हिस्सा लें। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में प्रतिष्ठित लोक गायिका स्वर्गीय शारदा सिन्हा को भी याद किया।



### प्रधानमंत्री मोदी के शासन में बिहार को मिला दूसरा एम्सः मुख्यमंत्री नीतीश

टीम एक्शन इंडिया
दरभंगाः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार के दरभंगा में पटना के बाद दूसरे एम्स की आधारशिला रखी। यह दरभंगा के शोभन में बनेगा। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के शासन में 2015 में बिहार में दूसरे एम्स का निर्णय लिया गया था। अब इसका निर्माण हो रहा है। इससे काफी खुशी हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज महत्वपूर्ण दिन है।

## सीएम नीतीश ने पीएम को पैर छूकर किया असहज

विपक्ष ने सीएम नीतीश की निंदा की



नतमस्तक

▶▶ नीतीश अचानक मंच पर मौजूद पीएम के पास पहुंचे और जबतक मोदी कुछ समझ पाते सीएम ने उनके पैर छू लिए

टीम एक्शन इंडिया
दरभंगाः मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पिछले कुछ समय से लोगों के सामने नतमस्तक होने को लेकर चर्चा में बने रहते हैं। मुख्यमंत्री ने दरभंगा एम्स के शिलान्यास कार्यक्रम में पीएम मोदी के पैर छू लिए, जिसके कारण खुद प्रधानमंत्री भी असहज नजर आए। अपने तीसरे कार्यकाल में सत्ता संभालने के बाद बिहार के दरभंगा दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एम्स का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा गठबंधन के तमाम बड़े नेता शामिल हुए। इस दौरान पीएम मोदी ने दरभंगा एम्स के शिलान्यास के साथ साथ बिहार को अरबों रुपए की योजनाओं की सौगात दी। इस कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी पीएम मोदी के साथ मंच पर मौजूद थे। मंच से गठबंधन के नेता बारी-बारी से कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी दरभंगा एम्स के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित किया और एम्स के निर्माण के लिए केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। खुले मंच से सीएम नीतीश कुमार ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की और कहा कि बिहार के विकास के लिए केंद्र सरकार से हर संभव मदद मिल रही है। कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद सीएम नीतीश अपनी कुर्सी की तरफ बढ़ गए। इसी दौरान मंच पर अजीबोगरीब स्थिति हो गई। सीएम नीतीश अचानक मंच पर मौजूद पीएम मोदी के पास पहुंचे और जबतक प्रधानमंत्री कुछ समझ पाते सीएम ने उनके पैर छू लिए। अचानक हुए इस वाक्ये से पीएम मोदी असहज हो गए और किसी तरह से उठाकर सीएम नीतीश को संभाला।

भाग्य ईवीएम में कैद | पहले चरण की 43 सीटों पर 2019 से ज्यादा मतदान, झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शांतिपूर्वक संपन्न

# झारखंड में पहले चरण की 43 विधानसभा सीटों पर 64.86 फीसदी मतदान

टीम एक्शन इंडिया
रांचीः झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान बुधवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। पहले दौर में प्रदेश के 15 जिलों की 43 विधानसभा सीटों पर शाम 5 बजे तक वोटिंग कराई गई। शाम साढ़े सात बजे तक के आंकड़े के अनुसार 43 सीटों पर 65.27% मतदान दर्ज किया गया है। पहले चरण में बुधवार को जहां चुनाव हुआ है, वहां 2019 में 63.75% मतदान हुआ था। यानी शुरुआती आंकड़े से ही पता चल रहा है कि पहले चरण की इन 43 सीटों पर 2019 के मुकाबले एक फीसदी से अधिक मतदान हुआ है। चुनाव आयोग की तरफ से अंतिम आंकड़े जारी होने पर मतदान प्रतिशत और ज्यादा हो सकता है। पहले चरण के मतदान के साथ ही इस चरण में उतरे सभी 683 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास जैसे



सियासी फैसला

▶▶ चुनाव आयोग की तरफ से अंतिम आंकड़े जारी होने पर मतदान प्रतिशत और ज्यादा हो सकता है

चर्चित चेहरों के सियासी भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया है। पहले दौर में कुल 43 सीटों में से सबसे ज्यादा छह सीटें पूर्वी सिंहभूम जिले में रहीं। इसके बाद पलामू, पश्चिमी सिंहभूम और रांची जिले की पांच-पांच विधानसभा सीटें रहीं, जहां बुधवार को मतदान हुआ। सबसे कम एक-एक सीट कोडरमा और रामगढ़ जिले की रही।

**बंगाल विस उपचुनाव : मतदान के दौरान हुई हिंसा की घटनाएं, चुनाव आयोग से की शिकायत** पश्चिम बंगाल में छह विधानसभा सीटों के उपचुनाव के दौरान छिटपुट हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। इनमें से एक बड़ी घटना मदारीहाट सीट के भाजपा उम्मीदवार राहुल लोहार की गाड़ी पर हमला शामिल है। दोपहर बाद तीन बजे तक छह विधानसभा क्षेत्रों में औसत मतदान प्रतिशत 59.98 प्रतिशत दर्ज किया गया है।

## गेहूं उत्पादन में सरकार का आकलन-गणित हुआ फेल

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: गेहूं के दाम लगातार रिकॉर्ड स्तर पर बने हुए हैं। दक्षिण भारत के राज्यों में गेहूं 3400 रुपये क्विंटल के स्तर तक पहुंच चुका है। दक्षिण के राज्यों को एमपी, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा से गेहूं की पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिल रही है। ऐसे में वे उत्तर प्रदेश के भरोसे है। इस बीच स्थानीय बाजार में डर है कि सरकार ने अब भी बिक्री पर ध्यान नहीं दिया तो आटा-गेहूं की महंगाई और बढ़ेगी। इस बीच आटा मिल मालिकों ने सरकार से इस वित्तीय वर्ष के लिए ओपन मार्केट सेल स्कीम (ओएमएसएस) शुरू करने या इंपोर्ट ड्यूटी में कटौती करने की मांग की है।









# ईडब्ल्यूएस नियमों में होगा बड़ा बदलाव

## दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों में दाखिले के लिए वार्षिक आय सीमा बढ़ेगी; एलजी विनय सक्सेना ने दिए दिशा-निर्देश

**सुझाव**

**ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत प्रवेश के लिए वार्षिक आय सीमा को कम से कम पांच लाख रुपये प्रतिवर्ष किया जाए**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एलजी वीके सक्सेना ने आप सरकार को सुझाव दिया है कि निजी स्कूलों में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत प्रवेश के लिए वार्षिक आय सीमा को कम से कम पांच लाख रुपये प्रतिवर्ष किया जाए। फिलहाल यह आय सीमा एक लाख रुपये प्रतिवर्ष है। एक कोर्ट केस, जिसमें लाभ प्राप्त करने के लिए आय सीमा का मुद्दा हाईकोर्ट के समक्ष विचाराधीन है, सक्सेना ने फाइल पर अपनी टिप्पणी में कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा निर्धारित आय सीमा अवास्तविक और प्रतिबंधात्मक है। उन्होंने बताया कि वर्तमान आय सीमा, जहां न्यूनतम वेतन पाने वाला भी सालाना ढाई लाख रुपये से अधिक कमा रहा है, हजारों जरूरतमंद बच्चों को ईडब्ल्यूएस योजना के तहत लाभ पाने से वंचित कर सकती है।

**कोर्ट भी दे चुका है ये आदेश**

एलजी ने यह भी उल्लेख किया कि केंद्र सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के लिए निर्धारित आय सीमा आठ लाख रुपये है और अदालत ने भी पिछली सुनवाई में दिल्ली सरकार से इस सीमा को कम से कम ढाई लाख रुपये तक बढ़ाने का निर्देश दिया था। सक्सेना ने सुझाव दिया कि आदर्श रूप से आय सीमा आठ लाख रुपये प्रतिवर्ष होनी चाहिए, क्योंकि प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर लाभ पाने वाले छात्र ही उच्च शिक्षा के लिए आगे बढ़ते हैं। इसलिए निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए आय सीमा को कम से कम पांच लाख रुपये निर्धारित किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि अदालत में फाइल पर उनके द्वारा लिखी गई राय दर्ज की जाए। सुनवाई हुई और इसे अगली तारीख चार दिसंबर 2024 तक के लिए स्थगित कर दिया गया। एलजी वीके सक्सेना ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण की रोकथाम के लिए सिविल डिफेंस वालंटियर्स (सीडीवी) की तैनाती को मंजूरी दे दी है।

### इस बार 250 टेंट लगाएगा डूसिब

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के तहत दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) इस बार बेघरों को सर्दियों से बचाने के लिए 250 पगोडा टेंट लगाएगा, पिछले साल की अपेक्षा इस बार 50 टेंट अधिक लगाने का लक्ष्य रखा गया है ये टेंट फायर व वाटर प्रूफ भी होंगे। ये टेंट निगम बोध घाट,सराय काले खां, एम्स व हनुमान मंदिर जैसे 126 स्थानों पर लगाए जाएंगे। ये अस्थाई टेंट मार्च महीने तक रहेंगे। इसी के साथ ही डूसिब बेघरों के लिए 15 नवंबर से 24 घंटे के लिए कंट्रोल रूम भी शुरू करने जा रहा है।

# सरकार प्रदूषण के रोकथाम में विफल: वीरेंद्र

**आलोचना**

**दिल्ली सरकार प्रदूषण की रोकथाम में विफल है, जिसके कारण दिल्लीवासियों का जीना दूभर हो गया है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मॉडल की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण की रोकथाम में विफल है, जिसके कारण दिल्लीवासियों का जीना दूभर हो गया है। लोग गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं वीरेंद्र सचदेवा ने आज यहां एक बयान में कहा कि दिल्ली सरकार जहां एक ओर प्रदूषण को नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल रही है वहीं दूसरी ओर दिल्ली वालों पर गंदे पेयजल जनित बीमारियों के साथ ही चिकनगुनिया, डेंगू एवं मलेरिया का खतरा पहले से कहीं अधिक मंडरा रहा है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, "दिल्ली धुएं में ढकी हुई है। पूरी राजधानी गैस चैंबर में तब्दील हो गई है। पीएम. 2.5 स्तर चार सौ पार है तो पीएम 10 का स्तर एक हजार पार है और यहां अरविंद केजरीवाल, आतिशी एवं गोपाल राय के अलावा हर आदमी खांस रहा है। उन्होंने कहा कि ओखला लैंडफिल साइट को लेकर आई रिपोर्ट के अनुसार वहां कैंसर फैलाने लायक कण भी हवा में पाये गये हैं।

# मुख्यमंत्री आतिशी व सिसोदिया ने दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार सुबह सिविल लाइंस स्थित दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल का दौरा कर छात्रों से मुलाकात की। दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में कक्षा छठी और नौवीं के लिए भारत के अलग-अलग राज्यों में टैलेंट स्काउटिंग के जरिए खेल प्रतिभाओं को चुना जाता है और इस आवासीय स्पोर्ट्स स्कूल में उन्हें 10 ओलंपिक खेलों के लिए ट्रेनिंग और सुविधाएं दी जाती हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि, अबतक देश में हमेशा पढ़ाई और खेल को अलग-अलग माना गया। यही कारण है कि इतनी बड़ी जनसंख्या होने के बावजूद ओलंपिक में जब पदक तालिका देखी जाती है तो हम बहुत नीचे होते हैं। दिल्ली सरकार इस अवधारणा को बदलने का काम कर रही है। हम दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और इसके अंतर्गत दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल के द्वारा ये माहौल बनाने का प्रयास कर रहे है जहां खिलाड़ियों का खेल ही उनकी पढ़ाई होगी और देश का हर आदमी कह सकेगा कि खेल भी पढ़ाई है।



# एक बार फिर भाजपा पार्षद सत्या शर्मा को बनाया पीठासीन अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उपराज्यपाल ने एक बार फिर भाजपा पार्षद सत्या शर्मा को एमसीडी मेयर चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति मेयर चुनाव प्रक्रिया के संचालन के लिए की गई है। सत्या शर्मा की इस पद पर नियुक्ति उनके प्रशासनिक अनुभव और कार्यकुशलता को ध्यान में रखते हुए की गई है। सत्या शर्मा को पहले भी दिसंबर 2022 में हुए एमसीडी चुनाव के बाद वर्ष 2023 में पहली बार मेयर चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी बनाया गया था।

# दिल्ली एनसीआर में छाया प्रदूषण का धुंध

**दमघोंटू**

**बुधवार सुबह सबसे ज्यादा पॉल्यूशन शाहदरा और आया नगर में दर्ज किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली एनसीआर में बुधवार सुबह दिल्ली के आसमान में धुंध का पहरा देखने को मिला, वहीं वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक से भी ऊपर तक पहुंच गया। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक बुधवार सुबह सबसे ज्यादा पॉल्यूशन शाहदरा और आया नगर में दर्ज किया गया, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक(एक्यूआई ) 400 के पार दर्ज किया गया। प्रदूषण के घने कोहरे के चलते लोगों की सांसें फूलने लगी हैं। मौसम विभाग के मुताबिक विजिबिलिटी भी बहुत कम है। सुबह 8 बजे कर्तव्य पथ से इंडिया गेट और राष्ट्रपति भवन दिखाई नहीं दे रहा था। मंगलवार को दिल्ली का औसम वायु गुणवत्ता सूचकांक मंगलवार को 334 दर्ज किया गया था। बुधवार सुबह 8 बजे आया नगर में एक्यूआई 423, शाहदरा के आसपास भी एक्यूआई 413, मुंडका में 374, पूसा में 397, नजफगढ़ में 362, आईसीआई एयरपोर्ट में 375,शादीपुर में 378, पंजाबी बाग में 388, आरकेपुरम में 367, दिल्ली विश्वविद्यालय में 398, श्री अरविंदो मार्ग में 365, मंदिर मार्ग में 365, सिरी फोर्ट में 368, लोधी रोड में 280, वजीरपुर में 385, रोहिणी में 380, अशोक विहार में 381, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 332, इंडिया गेट में 327, ग्वाल पहाड़ी में 269 दर्ज किया गया। शहर में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण वाहनों से निकलने वाला धुंआ रहा। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 30 अक्टूबर से लगातार बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है। दिल्ली में 30 अक्टूबर को एक्यूआई 307 दर्ज किया गया था।



# मशीन लिखेगी परीक्षा कक्ष में सवालों के जवाब



**समाधान**

**मेरठ के एमआईईटी कॉलेज के बीटेक के छात्र हर्ष चौहान ने इसका समाधान निकाला**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिव्यांगों के साथ हादसे में हाथ खो चुके लोगों को अब परीक्षा कक्ष में सॉल्वर ले जाने की जरूरत नहीं होगी। मेरठ के एमआईईटी कॉलेज के बीटेक के छात्र हर्ष चौहान ने इसका समाधान निकाला है। उन्होंने राइट बॉडी डिवाइस बनाई है। राइट बॉडी एक पोटेबल पेन है। जो आवाज को सुनकर लिखता है। इसके माध्यम से दिव्यांग के साथ अन्य लोगों को परीक्षा में सवालों के जवाब लिखने में मदद करेगी। हर्ष ने बताया, उन्होंने एक समस्या को खोजा कि दिव्यांगों को परीक्षा में सवालों के जवाब लिखने के लिए सॉल्वर की जरूरत पड़ती है। परीक्षा से पहले किसी दुर्घटना में हाथ में फैक्चर हो जाने पर वह परीक्षा देने के लिए सॉल्वर की खोज में जुट जाते हैं। उन्हें अपने से नीचे की कक्षा के छात्र का चयन करना होता है, लेकिन डिवाइस के आने के बाद अब किसी को भी सॉल्वर की जरूरत नहीं होगी। राइट बॉडी डिवाइस ही उनके सवालों के जवाब लिखेगी। उन्होंने बताया, राइट बॉडी डिवाइस छात्र की भाषा के अनुसार सवालों के जवाब लिखेगी। डिवाइस में भाषा का चयन करना होगा। भाषा के चयन करने के बाद छात्र की ओर से बोले गए सवालों के जवाब को सुनकर वह उसे उत्तरपुस्तिका में लिखेगी। इसके साथ ही शीट भर जाने के बाद वह उसे अगले पेज पर लिखने लगेगी। यदि किसी भी जवाब में कोई गलती हो जाएगी। तो वह उस पेज पर फिर से आकर सही भी कर सकेगा।

**पेटेंट मिलते ही बाजार में होगी उपलब्ध**

उन्होंने बताया, इस डिवाइस को जल्द पेटेंट मिलने वाला है। पेटेंट की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। पेटेंट मिलते ही यह डिवाइस बाजार में उपलब्ध होगी। इसकी कीमत अभी तय नहीं की गई है।

# वीके पॉल करेंगे 43वें आईआईटीएफ में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मंडप का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वी के पॉल गुरुवार को भारत मंडपम में आयोजित होने वाले 43वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य मंडप का उद्घाटन करेंगे। इस वर्ष का मंडप 'एक स्वास्थ्य' के विषय पर केंद्रित है - एक व्यापक दृष्टिकोण जो मानव, पशु, पौधे और पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य के अंतर्संबंध पर जोर देता है। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को दी। मंत्रालय ने बताया कि 39 जानकारीपूर्ण स्टालों के माध्यम से, मंडप स्वास्थ्य सेवा में मंत्रालय की प्रमुख उपलब्धियों को प्रस्तुत करेगा, जिसमें जीवन के हर चरण पर आधारित कार्यक्रमों और पहलों पर प्रकाश डाला जाएगा। इनमें यू-विन ऐप लॉन्च, जो गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा देता है, आयुष्मान भारत - प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) में अब अतिरिक्त 5 लाख रुपये का टॉप-अप कवर के साथ 70 साल से अधिक के वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। मंडप सभी के लिए सुलभ, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के भारत के प्रयासों को चित्रित करेगा।




**अंतसंबंध**

**एक व्यापक दृष्टिकोण जो मानव, पशु, पौधे और पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य के अंतर्संबंध पर जोर देता है**

इसके साथ इंटरएक्टिव स्क्रीनिंग और इंस्टॉलेशन के माध्यम से आगंतुकों को एचआईवी, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के लिए स्क्रीनिंग और परामर्श सत्र में भाग लेने का अवसर मिलेगा। मंडप में भीष्म क्यूब, स्वदेशी मोबाइल अस्पताल जैसे अभिनव इंस्टॉलेशन भी शामिल होंगे।

# पुलिस मुठभेड़ के बाद कुख्यात मोगली गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बाहरी दिल्ली के नांगलोई और अलीपुर इलाके में हुई गोलीबारी के मामले में वांछित रामनिवास उर्फ मोगली को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान उसके पैर में गोली लगी है। यह मुठभेड़ बाहरी उत्तरी दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में हुई। मुठभेड़ के दौरान कई राउंड गोली चली है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मोगली को 10 से ज्यादा मामलों में दिल्ली पुलिस को तलाश थी। उसके बारे में पता लगाने के लिए स्पेशल सेल की टीम लगातार लगी हुई थी। जांच में पता चला कि यह विदेश में बैठे गैंगस्टर मोंटी और जेल में बंद अंकेश लकड़ा के संपर्क में था। इन्हीं के निर्देश पर और इन्हीं के इशारे पर दिल्ली के कारोबारी से करोड़ों की रंगदारी के लिए गोलीबारी की वारदात को अंजाम दिया था। इसकी गिरफ्तारी के बाद अब स्पेशल सेल की पुलिस टीम आगे की पूछताछ करेंगी और यह जानने की कोशिश करेगी कि इसके साथ और कौन-कौन शामिल रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार दिल्ली पुलिस मोगली की गिरफ्तारी को एक बड़ी कामयाबी के रूप में देख रही है। क्योंकि हाल के दिनों में दिल्ली के कई इलाकों में हुई फायरिंग से दिल्ली पुलिस की काफी किरकिरी हुई है।

# फर्जी कागजात तैयार करके विदेश भेजने के मामले में एक काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने फर्जी पासपोर्ट तैयार करने के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। इस महिला पर नेपाल के दो नागरिकों का फर्जी कागजात (पासपोर्ट) तैयार करने और उन्हें भारत का नागरिक बनाकर कंबोडिया भेजने का आरोप है। इस महिला की पहचान तबस्सुम अल्वी के रूप में हुई है, जो गोरखपुर (उप्र) की रहने वाली है। एयरपोर्ट डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि यह आरोपित महिला फर्जी कागजात बनाने वाले सिंडिकेट में शामिल थी। इस मामले का खुलासा उस समय हुआ, जब इस साल 25/26 मार्च की रात दो यात्री दिनेश सुब्बा और श्याम सुब्बा आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचे। उनके पास भारतीय पासपोर्ट था। उन्हें बैंकाक होते हुए कंबोडिया जाना था। कागजात की जांच की गई तो पता चला कि ये दोनों नेपाल के रहने वाले हैं और उनके पास भारतीय पासपोर्ट था। पुलिस टीम ने जांच के बाद मामला दर्ज किया और आगे की जांच शुरू की। फिर उनकी पहचान हस्तमान सेलिंग और प्रवीण के रूप में हुई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि जब वह बॉर्डर क्रॉस करके भारत आए थे तो उनका संपर्क एक एजेंट से हुआ था।

# कई गैंगस्टरों के ठिकाने पर पुलिस की छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में लगातार करोड़ों की रंगदारी के लिए हुई गोलीबारी की घटनाओं को देखते हुए दिल्ली पुलिस की अलग-अलग यूनिट की टीमों ने मंगलवार रात दिल्ली के कई इलाकों में छापेमारी की। हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी गिरफ्तारी नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि यह छापेमारी लॉरेंस बिश्नोई, काला जठेड़ी, टिल्लू ताजपुरिया, हासिम बाबा, बंबीहा गैंग से जुड़े बदमाशों के ठिकाने पर की गई है। रात भर यह कार्रवाई दिल्ली के यमुनापार से लेकर दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार, द्वारका, उत्तरी बाहरी दिल्ली के नरेला और कंझावला इत्यादि इलाकों में की गई। इस कार्रवाई में स्पेशल सेल, क्राइम ब्रांच के अलावा जिले की दूसरे यूनिट की टीमें भी जुटी हुई थीं।




**राज मंदिर शॉप पर हुई थी कई राउंड फायरिंग**

बाहरी दिल्ली के पश्चिम विहार के राज मंदिर सुपर मार्केट पर पिछले दिनों शाम के वक्त बदमाशों ने कई राउंड गोलियां चलाकर सनसनी फैला दी थी। वहां 5 करोड़ से ज्यादा की रंगदारी की मांग की गई थी। उससे पहले भी बाहरी दिल्ली के नांगलोई इलाके में कारोबारी के यहां गोलीबारी की गई थी और वहां से भी दो करोड़ की रंगदारी मांगी गई थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस वर्ष दिल्ली में कारोबार करने वाले कारोबारियों को अक्टूबर तक रंगदारी वसूलने के लिए करीब सौ से ज्यादा कॉल आए हैं।

**एक्शन में पुलिस**

**यह छापेमारी लॉरेंस, काला जठेड़ी, हासिम बाबा, बंबीहा गैंग से जुड़े बदमाशों के ठिकाने पर की गई है**

# कैट ने क्यूसी प्लेटफॉर्म पर जारी किया श्वेत पत्र

## क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म से छोटे खुदरा व्यापारियों का कारोबार छिनने का खतरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश के खुदरा कारोबारियों को क्विक कॉमर्स प्लेटफार्म के बढ़ते व्यापार से उनका कारोबार छिनने का डर सता रहा है। व्यापारियों का कहना है कि ये प्लेटफार्म नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इसलिए सरकार को इनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने बुधवार को नई दिल्ली में एक श्वेत पत्र जारी कर कहा कि क्विक कॉमर्स प्लेटफार्म्स भारत की खुदरा अर्थव्यवस्था की नींव को कमजोर कर रहे हैं। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने श्वेत पत्र जारी कर इन क्विक कॉमर्स (क्यूसी) प्लेटफार्म द्वारा एफडीआई फंड का दुरुपयोग कर आपूर्तिकर्ताओं पर नियंत्रण, इन्वेंटरी पर प्रभुत्व और अनुचित मूल्य निर्धारण करने के लिए के आरोप लगाएं हैं। उन्होंने कहा कि क्विक कॉमर्स प्लेटफार्म के नियम विरुद्ध कृत्यों से देश के करीब 3 करोड़ किराना स्टोर का बाजार में टिक पाना संभव नहीं है। ये प्लेटफॉर्म एफडीआई नीति और प्रतिस्पर्धा अधिनियम का उल्लंघन कर रहे हैं। इन प्लेटफॉर्म द्वारा किए जा रहे नियम विरुद्ध कार्य के खिलाफ सरकार को इनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। कैट के श्वेत पत्र में कहा गया है कि क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को 54 हजार करोड़ रुपये से अधिक की एफडीआई सहायता मिली है लेकिन इन प्लेटफॉर्म ने इस निवेश का उपयोग ना तो बुनियादी ढांचा निर्माण में किया और ना ही दीर्घकालिक परिसंपत्तियों में। इन प्लेफार्म ने 54 हजार करोड़ रुपये से केवल 1,300 करोड़ रुपये ही परिसंपत्ति और बुनियादी ढांचा बनाने पर खर्च किए हैं। ये प्लेटफॉर्म एफडीआई का उपयोग संचालन में होने वाले घाटे की पूर्ति करने और कुछ चुनिंदा विक्रेताओं के जरिए अनुचित छूट देने में कर रहे हैं। इस प्रकार के कार्यों ने क्विक प्लेटफॉर्म्स को बाजार का वो हिस्सा हासिल करने में मदद की है, जो पहले किराना स्टोर्स के पास था। इससे कई छोटे खुदरा विक्रेताओं के लिए अस्तित्व का संकट पैदा हो गया है।




**मांग**

**व्यापारियों का कहना है कि ये प्लेटफार्म नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं: प्रवीण खंडेलवाल**

# बुलडोजर कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का महमूद मदनी ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने बुलडोजर कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए इसे कानून के शासन और नागरिकों के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि इंसाफ का खून करने वालों को करारा जवाब मिला है। उन्होंने कहा, "यह फैसला इस बात की याद दिलाता है कि किसी भी व्यक्ति को दोषी ठहराने का अधिकार अदालत का है, न कि प्रशासन का। जो सरकारी संस्थाएं और अधिकारी अदालत बनकर लोगों की संपत्ति तोड़ रहे थे, उन्हें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि ऐसे गैरकानूनी कार्य अस्वीकार्य हैं। मौलाना मदनी ने कहा कि बुलडोजर न्याय के घृणित कार्य से सरकारें भी बेदाग नहीं हैं, उम्मीद है कि सरकारें इस फैसले से सबक लेंगी। मौलाना मदनी ने इस बात पर जोर दिया कि उन सभी लोगों को मुआवजा दिया जाना चाहिए जिनकी संपत्ति कानूनी प्रक्रिया के बिना ध्वस्त कर दी गई। उन्होंने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक के मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है और उनके खिलाफ किसी भी असंवैधानिक कार्रवाई को रोका जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जमीअत उलेमा-ए- हिंद ने हमेशा न्याय के सिद्धांतों और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज उठाई है और इस फैसले के बाद हमारा संकल्प और मजबूत हो गया है कि हम इस उद्देश्य के लिए अपना संघर्ष जारी रखेंगे।



# पुलिस ने शहर महेंद्रगढ़ क्षेत्र से गुमशुदा नाबालिग बच्चे को परिजनों से मिलाया

## नियमित ड्यूटी से हटकर भी जिला पुलिस बेहतर कार्य कर रही है। पुलिस के प्रति जनता में विश्वास बढ़े, पुलिस 24 घंटे प्रयासरत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़।** पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सेवा सुरक्षा सहयोग के नारे को साकार करने में लगे हुए हैं। नियमित ड्यूटी से हटकर भी जिला पुलिस बेहतर कार्य कर रही है। पुलिस के प्रति जनता में विश्वास बढ़े, इसके लिए भी पुलिस 24 घंटे प्रयासरत है। जनता का सहयोग भी पुलिस का मनोबल बढ़ाता है। थाना शहर महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने शहर महेंद्रगढ़ से गुमशुदा नाबालिग बच्चे को उसके परिवार से मिलाकर सराहनीय कार्य किया है।

थाना शहर महेंद्रगढ़ के क्षेत्र में तैनात डायल-112 की गाड़ी पर तैनात पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि शहर महेंद्रगढ़ क्षेत्र में एक बच्चा लावारिस हालत में घूम रहा है। पुलिस सूचना पर तुरंत प्रभाव से मौके पर जाकर बच्चे को साथ लेकर उसके परिजनों के पास पहुंचाने में जुट गई। महेंद्रगढ़ क्षेत्र में एक बच्चा खेलते हुए घर से बाहर निकल गया और रास्ता भटक गया। डायल-112 पंचकूला हेडक्वार्टर से ईआरवी की गाड़ी की टीम को बच्चे के संबंध में सूचना मिली। सूचना पर डायल 112 गाड़ी पर तैनात टीम प्रभाव से बच्चे को उसके परिजनों तक पहुंचाने में जुट गए। स्थानीय लोगों से पूछताछ करते हुए करीब दो घंटे में पुलिस ने बच्चे को परिजनों के पास पहुंचा दिया, जिस पर पुलिस टीम का परिजनों ने आभार व्यक्त किया। पुलिस टीम के अथक प्रयास से इस गुमशुदा नाबालिग बच्चे को सकुशल उसके परिजनों के हवाले किया और परिजनों के चेहरे पर मुस्कान लौटाने का कार्य किया। एसपी पूजा वशिष्ठ ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि गुमशुदा, बंधक, शोषित व्यक्तियों, महिलाओं, बच्चों के संबंध मे किसी प्रकार की जानकारी मिलती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को डायल 112 पर दें।

**खोज निकाला**

**पुलिस टीम के अथक प्रयास से इस गुमशुदा नाबालिग बच्चे को सकुशल उसके परिजनों के हवाले किया**

# वाइस चेयरमैन ने स्कूली बच्चों को दिया स्वच्छता का संदेश

**जागरूता**

**गंदगी हमारे आसपास के वातावरण और जीवन को प्रभावित करती है: वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि स्वच्छता ही समाज की सच्ची सेवा है। देश के लिए, हमारे जीवन में स्वच्छता की बहुत जरूरत है। गंदगी हमारे आसपास के वातावरण और जीवन को प्रभावित करती है। हमें व्यक्तिगत व आसपास सफाई अवश्य रखनी चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।

बुधवार को अपने पैतृक गांव कालरम स्थित आरएलएस इंटरनेशनल स्कूल में बतौर मुख्य अतिथि बच्चों को स्वच्छता का संदेश देते हुए सुभाष चन्द्र ने बच्चों व अध्यापकों को गंदगी न करने और स्वच्छता को अपनाने का संकल्प दिलवाया। उन्होंने स्पोर्ट्स मीट में प्रथम द्वितीय व तृतीय आए खिलाडि?ों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

सुभाष चन्द्र ने कहा कि विश्व के लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी ने जब से देश की बागडोर संभाली है, उन्होंने स्वच्छता के विषय को सबसे ऊपर रखा और इसके लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण ही आज यह अभियान घर-घर में पहुंच चुका है और अपना प्रभाव छोड़ा है।

वाईस चेयरमैन ने कहा कि राज्य सरकार भी इस मिशन के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के स्पष्ट निर्देश हैं कि स्वच्छता को व्यवहार में लाये बिना हम प्रदेश का विकास नहीं कर सकते। इसके लिए उन्होंने सभी विभागों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को यह सीख लेनी चाहिए कि हम अपने आसपास साफ सफाई रखें, जिससे न तो गंदगी रहेगी और न ही बीमारी फैलेगी।

# नशा मनुष्य के लिए किसी भी रूप में लाभकारी नहीं : डॉ. अशोक



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए हरियाणा के अलग अलग शहरों में नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। आज वे करनाल मॉडल टाउन में स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माद्यमिक विद्यालय में पहुंचे और प्राचार्य सुनील कुमार की अध्यक्षता में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 213वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। प्राचार्य सुनील कुमार ने बताया कि ब्यूरो द्वारा हरियाणा प्रान्त को नशा मुक्त करने के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने ब्यूरो के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा के कार्यों की भी सराहना की।

डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य है, शिक्षा है, अच्छा व्यवहार है और अच्छा चरित्र है। चरित्र निर्माण पर बल देते हुए डॉ. वर्मा ने नशे जैसी बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नशे के आगमन, निर्माण, सेवन और नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से व्याख्या करते हुए बताया कि नशा मनुष्य के लिए किसी भी रूप में लाभकारी नहीं है। प्रतिबंधित नशा मनुष्य के जीवन में विष के समान कष्टदायक है।

**प्रचार**

**साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए हरियाणा के अलग अलग शहरों में नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं**

# करप्शन फ्री इंडिया शीर्षक पर हुआ भाषण प्रतियोगिता

**कैंपेन**

**इंटरनेशनल चीफ डायरेक्टर सतीश मल्होत्रा एवं स्टेट चीफ डायरेक्टर हरियाणा सुरेन्द्र मोहन गाबा रहे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के विजिलेंस अवेयरनेस कैंपेन के अंतर्गत डीएवी फॉर वूमेन कॉलेज में करप्शन फ्री इंडिया शीर्षक पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं नैशनल चीफ डायरेक्टर हरीश वधावन की अध्यक्षता में हुआ । निर्णायक मंडल में इंटरनेशनल वूमेन प्रेसिडेंट डॉ. निशा गुप्ता, इंटरनेशनल चीफ डायरेक्टर सतीश मल्होत्रा एवं स्टेट चीफ डायरेक्टर हरियाणा सुरेन्द्र मोहन गाबा रहे। भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को प्रतिभागिता सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में तान्या शर्मा ने प्रथम, निशा शर्मा ने द्वितीय एवं शिखा शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को ट्रॉफी के साथ 2100 रुपए, 1100 रुपए, 500 रुपए के नकद पुरस्कार भी दिए गए। कॉलेज की छात्राओं ने करप्शन फ्री इंडिया शीर्षक पर उच्च स्तरीय भाषण प्रस्तुत किए एवं अपने भाषण में भ्रष्टाचार मुक्त देश बनाने का संदेश दिया। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि जागरूक होकर एवं लोगों को जागरूक करके ही भ्रष्टाचार मुक्त देश बनाया जा सकता है।

फाउंडेशन की ओर से कॉलेज प्रबंधन का विशेष आभार व्यक्त किया गया और कॉलेज की प्रिंसिपल मीनू शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज की छात्राओं को नैशनल डायरेक्टर अजीत राही ने सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर मुख्य रूप से नैशनल चीफ डायरेक्टर ह्यूमन राइट्स प्रकोष्ठ सुनीता गुप्ता, स्टेट चीफ डायरेक्टर देवेंद्र कुमार, जिला निदेशक रमा तिवारी, डॉ.अनुराधा नागिया, डॉ. दीप्ति शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जन शिकायतों का अधिकारी करें जल्द से जल्द निस्तारण: सीईओ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

प्रशासन ने सीएम विंडो पर मिलने वाली शिकायतों का जल्द से जल्द हल निकालने को लेकर बुधवार को जिला सचिवालय में जिला परिषद के सीईओ नरेन्द्र पाल मलिक की उपस्थिति में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया के निर्देश पर सभी अधिकारियों को अति शीघ्र सीएम विंडो से प्राप्त समस्याओं के निस्तारण को लेकर जरूरी दिशानिर्देश दिए गए। सीईओ जिला परिषद ने कहा कि जिन विभागों में सीएम विंडों पैंडिंग है उनकी बारे में चर्चा की व किन कारणों से उनका हल नहीं निकल पाया इस पर और ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एकशन प्लान बनाकर कार्य करना होगा। इसमें व्यक्तिगत तौर पर रूचि लेनी होगी। उन्होंने बैंक अधिकारियों से भी ज्यादा से ज्यादा सीएम विंडो को निपटाने के निर्देश दिए। सीटीएम टीनू पोसवाल ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा पैंडेंसी को रिव्यू करें व एटीआर को समय पर भेजे। उन्होंने बताया कि जनसंवाद के दौरान जो समस्याएं लोगों द्वारा प्रस्तुत की गई थी उनका निस्तारण अतिशीघ्रता से करें।

# युवक को दुबई भेज छोड़ा बेसहारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** जिले के रिंडल गांव में दो बेटों को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने एक युवक को ऑस्ट्रेलिया की अपेक्षा दुबई भेज दिया और जहां उसे एक होटल में फंसा दिया। एजेंट को पूरा पैसा देने के बावजूद भी दुबई में एजेंट के दो व्यक्तियों ने युवक से 9500 डॉलर की डिमांड रख दी। जब पूरे पैसे इंडिया में एजेंट को दिए जाने की बात बताई तो दोनों ने युवक के साथ दुर्व्यवहार किया और वहां से चले गए। किसी तरह से परिजन अपने बेटे को इंडिया लाने में कामयाब हो गए। पीड़ित परिवार ने एजेंट से अपने पैसे वापस मांगे तो उन्हें जान से मारने की धमकी मिली। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को कर दी।

जिले के रिंडल गांव निवासी राजिंद्र के भतीजे प्रिंस को कर्मबीर नामक व्यक्ति ने अगस्त 2023 में विदेश भेजने का झांसा देकर दोस्ती की। आरोप है कि उसने परिवार को अपने साथियों के साथ घर आकर ऑस्ट्रेलिया और यूरोप में वर्क वीजा पर भेजने की प्लानिंग बताई और डॉलर में पैसे कमाने का सब्जी बाग दिखाया।

पीड़ित ने किश्तों में 20 लाख रुपए ट्रांजैक्शन और नकद के जरिए दिए गए। राजिंद्र का आरोप है कि उनके भतीजे अभिषेक का वीजा और टिकट का इंतजाम कर उसे बीती 2 मार्च को दुबई भेजा गया।

# प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी करने को लेकर सख्त हुई निगमायुक्त

**समाधान**

**दूसरी ओर नई प्रॉपर्टी आई.डी. बनाने की 154 आपत्तियों का समाधान किया जा रहा है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सम्पत्ति कर शाखा की बैठक लेकर उनके प्रभारियों को बेहतर कारगुजारी के चलते नागरिकों और नगर निगम के संबंधों को सहज बनाने और सम्पत्ति कर की रिकवरी में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में उप निगम आयुक्त अशौक कुमार, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर, कर अधीक्षक गगनदीप सिंह व सुनील कुमार तथा लेखाकार महावीर मलिक के अतिरिक्त शाखा के कर्मचारी मौजूद रहे।

टैक्स रिकवरी को लेकर हुए सख्त- उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों को सम्पत्ति कर की रिकवरी करने के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 100 बड़े टैक्स डिफाल्टरों की सूची तैयार करें और एक्शन प्लान बनाकर कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्पत्ति मालिकों को 7 दिन का नोटिस जारी करें और 30 दिनों के अंदर पूरी प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाया जाए। उन्होंने रिकवरी करने के लिए मासिक व साप्ताहिक लक्ष्य तय करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टैक्स रिकवरी को लेकर साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि बड़े-बड़े निजी संस्थान, जिनका सम्पत्ति कर बकाया चला आ रहा है, सभी को नोटिस जारी करो। इस पर क्षेत्रीय कराधान अधिकारी (जेड.टी.ओ.) ने बताया कि 50 लाख रुपये से ऊपर के 132 डिफाल्टरों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त 5 से 50 लाख रुपये के बकाया करदाताओं की सूची भी तैयार कर ली गई है।

पोर्टल पर आई आपत्ति और उनके समाधान के बताए आंकड़े- बैठक में जेड.टी.ओ. ने निगमायुक्त को अवगत कराया कि एनडीसी पोर्टल पर अब तक 85 हजार 114 आपत्तियां डाली गई, जिनमें से 64 हजार 610 का समाधान कर दिया गया है। सम्पूर्ण दस्तावेज अपलोड न करने के कारण 1670 आपत्तियां रिवर्ट की गई हैं तथा 472 का समाधान करने की कार्रवाई की जा रही है, जबकि 18 हजार 362 आपत्तियों को रिजेक्ट किया गया है। सही दस्तावेजों के साथ दोबारा आपत्तियां डालने पर उनका भी समाधान किया जाएगा।

दूसरी ओर नई प्रॉपर्टी आई.डी. बनाने की 154 आपत्तियों का समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविर की जानकारी देते बताया कि अभी तक प्राप्त कुल 57 शिकायतों में से 56 का समाधान कर दिया गया है।

# फसलों के अवशेष जलाने वालों पर सरकार गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**



जिला सचिवायल में पराली अवशेष प्रबंधन को लेकर बुधवार को उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया के निर्देश पर जिला परिषद के सीईओ नरेन्द्र पाल मलिक ने कृषि विभाग के अधिकारियों, तहसीलदारों, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों, ग्राम सचिवों और पटवारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

जिला परिषद सीईओ ने बताया कि जो किसान फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर गंभीर नहीं है व बार -बार हिदायत देने के बाद भी फसल अवशेषों को जला रहे है इससे वायु गुणवता की स्थिति गंभीर होती जा रही है। प्रदूषण की मात्रा बढने.से आम आदमी को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सरकार ने ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

जिला परिषद सीईओ ने बताया कि जो किसान फसल अवशेषों को जलाते है। लोकेशन प्राप्त होने पर उनके खिलाफ एफआईआर तो दर्ज होगी ही साथ ही साथ वे आगामी दो साल तक अपनी फसल को एमएसपी के आधार पर मंडियों में नहीं बेच सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को प्रति एकड़ एक हजार रुपए की राशि प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान कर रही है।

एसडीएम ब्रह्मद्द प्रकाश ने कहा कि 85प्रतिशत तक धान की कटाई हो चुकी है। किसानों को चाहिए कि वे फसल अवशेषों को न जलाएं व बेलर का उपयोग करें। जिले में 55 के करीब बेलर उपलब्ध है जो 2 घंटे में किसानों की मांग पर उपलब्ध होंगे। उन्होंने पटवारियों व ग्राम सचिवों को विशेष तौर पर जागरूक करते हुए कहा कि वे इन 10 दिनों में अपनी डयूटी को और शिददतपूर्वक निभायें ताकि फसल अवशेष के घटनाओं को रोका जा सकें। उन्होंने इस कार्य में समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश दिए।

कृषि विभाग के उपनिदेशक आत्माराम गोदारा ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों को समय पर बेलर उपलब्ध करवायें। इसमें किसी भी तरह की कोताही न बरतें। इसे अपना निजी कार्य समझ कर करें। उन्होंने बताया कि जो पटवारी व ग्राम सचिव इसमें कोताही बरतते है व उनके क्षेत्र में फसल अवशेष के मामले आते है तो उनके खिलाफ भी कार्यवाही होंगी।

नायब तहसीलदार सौरभ शर्मा ने फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर प्रशासन को सुझाव देते हुए कहा कि एक टीम बनाकर एक शेडयूल बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है।

**दिशा-निर्देश**

**पंचायत अधिकारियों, ग्राम सचिवों और पटवारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए**

# जिलेभर के समाधान शिविरों में आई 15 शिकायतें

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आह्वान पर जिलेभर में समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। नगर निगम कार्यालय, नगर पालिका कार्यालयों व बीडीपीओ कार्यालयों में समाधान शिविर लगे। गुरुवार को लगाए गए समाधान शिविर में कुल 15 शिकायतें आई, जिनमें से 8 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। 7 शिकायतों को अभी लंबित रखा गया है। बता दें कि नगर निगम करनाल के कार्यालय में निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने शिकायतों को सुना। यहां कुल 3 शिकायतें आई, जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। वहीं घरौंडा नगरपालिका कार्यालय में 5 शिकायतें आईं, जिन्हें अभी लंबित रखा गया है। इंद्री नगरपालिका में 2 शिकायतें आईं, इनका मौके पर समाधान कर दिया गया। असंध नगरपालिका में 1 शिकायत आई, जिसका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। वहीं बीडीपीओ कार्यालय, करनाल में 4 शिकायतें आई, जिनमें से 2 का मौके पर समाधान कर दिया गया, 2 अभी लंबित है। अन्य बीडीपीओ कार्यालयों में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। बता दें कि जिला की प्रत्येक नगर पालिका और बीडीपीओ कार्यालयों व नगर निगम के दफ्तरों में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# शादी के अगले ही दिन दुल्हन नकदी व जेवर लेकर हुई फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में एक दुल्हन शादी के अगले ही दिन फरार हो गई। जब विवाहिता की सास बाथरूम गई तो वह मौका देखकर जेवरात और नकदी भी घर से ले गई। ससुराल वालों ने आसपास के इलाकों में तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। शादी एक दिन पहले ही दिल्ली में हुई थी। नवविवाहिता की सीसीटीवी फुटेज सामने आई है, जिसमें वह बाइक से उतरकर जाती हुई दिखाई दे रही है।

घर से निकलते समय उसने गुलाबी रंग का लहंगा पहना हुआ था और सोने की बालियां, गले में सोने का हार, हाथ में सोने की अंगूठी और पैरों में चांदी की पायल पहनी हुई थी। उसके पर्स में करीब 5 हजार रुपए नकद भी थे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पीड़ित के पिता ने बताया कि मैंने अपने बेटे की शादी की बात दूर के रिश्तेदार से की थी। वह यूपी के किसी व्यक्ति को जानता था, जिसके जरिए दिल्ली के लोधीपुर में रिश्ता तय हुआ। हमें बताया गया कि लडकी के माता-पिता नहीं हैं, लेकिन उसकी एक मौसी है। उसी मौसी से सारी बातचीत हुई। 10 नवंबर को लोधी रोड स्थित एक मंदिर में शादी कराई गई, जहां दूल्हा-दुल्हन दोनों को आशीर्वाद दिया गया।



नवविवाहिता अपनी सास को धोखा देकर घर से निकली थी। जब उसकी सास बाथरूम गई तो वह मौके का फायदा उठाकर घर से निकल गई। रिंडल रोड स्थित दुकान के सीसीटीवी कैमरे में विवाहिता नजर आ रही है, जिसमें वह गांव से बाइक पर लिफ्ट लेकर मुख्य सडक पर पहुंची। बाइक पर 2 लोग सवार थे और उन्होंने उसे सडक पर उतार दिया और चले गए। इसके बाद वह सामने वाली दुकान पर आती है और समय पूछकर करनाल की ओर निकल जाती है। उसके बाद एक युवक बाइक पर आता है और उसे अपने साथ ले जाता है। पीड़ित के पिता ने बताया कि घर से निकलने के बाद विवाहिता खेतों से होकर सडक पर पहुंच गई थी। जब उसकी सास को घर पर बहू नहीं मिली तो उसने शोर मचाया और पड़ोस के युवक बाइक पर उसे ढूंढने निकले, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनके साथ ऐसा कुछ हो जाएगा। जिस व्यक्ति ने शादी तय करवाई थी, वह दूर का रिश्तेदार था और रिश्तेदार होने के कारण उन्होंने उस पर विश्वास कर लिया था। अब विवाहिता कहां की रहने वाली थी और उसका घर कहां है, यह तो वही बता सकते हैं, जिनके माध्यम से उसने शादी तय करवाई थी। कुंजपुरा थाना प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि महिला के रात को लापता होने की शिकायत मिली है। विवाहिता जेवर व नकदी लूटकर फरार हो गई है। सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है, जिसमें वह जाती हुई दिखाई दे रही है। इसलिए यह जांच का विषय है और शादी तय करवाने वाले व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद ही असली कारणों का खुलासा हो पाएगा।

**तलाश**

**ससुराल वालों ने आसपास के इलाकों में तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका**

## संपादकीय

# जम्मू-कश्मीर में फिर अनुच्छेद 370 का राग

**जम्मू-कश्मीर में वि**धानसभा चुनाव परिणाम के बाद प्रदेश की नई सरकार ने पुराने एजेंडे पर काम करना प्रारम्भ कर दिया है। इससे निश्चित ही यह संकेत मिलता है कि जिस अनुच्छेद 370 और 35ए के कारण कश्मीर को शेष भारत से अलग दिखने जैसी स्थिति थी, वैसी ही स्थिति पैदा करने का प्रयास नई सरकार यानी नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस द्वारा किया जा रहा है। राज्य की नई सरकार का यह कदम पाकिस्तान के हौसले बढ़ाने वाला लगता है, क्योंकि पाकिस्तान अनुच्छेद 370 के कारण ही कश्मीर को अपना बताने का कुचक्र रचता रहा है। अनुच्छेद 370 के बहाने राज्य को मिले विशेष अधिकारों के चलते ही पाकिस्तान ने अपना नेटवर्क स्थापित किया था, जिसके कारण वहां के नागरिक भारतीय सेना के प्रति अलगाव का व्यवहार करते दिखाई दिए। उस समय पाकिस्तान परस्त आतंकी कश्मीर में युवाओं को भ्रमित करते रहते थे। अब उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली प्रदेश की नई सरकार ने जम्मू-कश्मीर में फिर से अलगाव के बीज रोपित करने का काम किया है। जिसमें कांग्रेस की भी भागीदारी है। हालांकि कांग्रेस सरकार को बाहर से समर्थन दे रही है। जम्मू-कश्मीर में जब अनुच्छेद 370 कायम था, तब राज्य ने क्या खोया था, यह पूरा देश जानता है। घाटी में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकी घटनाएं होती रहती थी। वर्तमान केंद्र सरकार ने इसे हटाकर कश्मीर को शेष भारत से समरस करने का काम किया है। इसीलिए आज जम्मू-कश्मीर आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगा पाने में बहुत हद तक सफल हुआ है। वर्तमान में पूरे देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के स्वर मुखरित होने लगे हैं। समान नागरिक कानून निश्चित ही सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का हिमायती है, लेकिन दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर में अलग संविधान को मान्यता देने वाले अनुच्छेद 370 को लाने का प्रयत्न किया जा रहा है। यह जम्मू-कश्मीर को अलग पहचान देने का काम करता है। इसके चलते कश्मीर का संविधान और ध्वज अलग हो जाएगा, जो भारत के संविधान और तिरंगा से अलग होगा। यह स्थिति डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से अलग प्रकार की होगी। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का वह बयान स्वतः खारिज हो जाता है, जिसमें वह कहते हैं कि भाजपा संविधान फाड़कर फेंकना चाहती है। इसका एक आशय यह भी है कि कांग्रेस संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस कौन से संविधान को बचाना चाहती है, यह और स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि बाबा साहब अम्बेडकर कभी भी जम्मू-कश्मीर को अलग दर्जा देने के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने संविधान में इसको जोड़ने से इनकार कर दिया था। अम्बेडकर जी के मना करने के बाद शेख अब्दुल्ला, तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पास पहुंचे, जिन्होंने बाबा साहेब अम्बेडकर की भावना को दरकिनार कर शेख अब्दुल्ला को प्रसन्न करते हुए अनुच्छेद 370 का समावेश संविधान में करा दिया। आज कांग्रेस भले इस बात का दम्भ भरे कि वह संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस के कार्य ऐसे लगते नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की सरकार ने ही आपातकाल लगाकर भारत के नागरिकों के सारे अधिकार छीन लिए थे।

# राजनीति में 'गद्दार ' गाली है या उपाधि ?

राकेश अचल

> कोई विश्वसघाती कहता है तो कोई ' दोगला ' उर्दू वाले ' गद्दार ' को नमक हराम, खियानत करने वाला मानते हैं। अंग्रेजी में ' गद्दार ' को इअउङ रळअइइएफ कहा जाता है। यानि ' गद्दार ' शब्द के अनेक रूप हैं। कहीं ये संज्ञा है तो कहीं सर्वनाम । कहीं क्रिया है तो कहीं क्रिया विशेषण। कलियुग कोई सियासत में गद्दारी एक स्थायी भाव हो गया है। आप यदि थोड़ी से मेहनत करें तो देश के आधुनिक गद्दारों की एक लम्बी फेहरिस्त बना सकता है। आप चाहें तो इस विषय पार शोध कर डाक्टर आफ फिलासफी की उपाधि भी हासिल कर सकते हैं। मेरा स्वाध्याय बताता है कि देश और दुनिया में हर कालखंड में गद्दार मौजूद रहे है। उनके बिना सियासत में तब्दीली होती ही नहीं है । बात एकनाथ शिंदे साहब द्वारा गद्दारी पर किए गए उज्र से शुरू हुई थी

**इन दिनों** देश में विकास का रथ थमा हुआ है ,चौतरफा केवल और केवल राजनीति हो रही है। लगता है कि ये देश राजनीति के बिना प्रगति कर ही नहीं सकता। पक्ष -विपक्ष में मुद्दों की बात नहीं हो रही बल्कि दोषारोपण हो रहे है। सब -मतदाताओं को भयभीत करने में लगे हैं। एक-दूसरे को हौवा बताने में लगे हैं। इस बीएच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ' गद्दार ' शब्द पर आपत्ति की है । और आज का विमर्श यहीं से शुरू होता है कि क्या राजनीति में ' गद्दार ' शब्द गाली है या उपाधि ?

' गद्दार' एक अरबी शब्द है लेकिन हम हिन्दुस्तानियों की जुबान पर ऐसा चढ़ा है की हिंदी के द्रोही शब्द को भी खा गया। 'मुझे लगता है कि देश में ' गद्दार ' शब्द का इस्तेमाल मुगलों के भारत में आने के बाद शुरू हुआ होगा । ' गद्दार ' संज्ञा है ,विशेषण है या और कुछ ये तो ' शब्दों का सफरनामा लिखने वाले हमारे दोस्त बता सकते हैं या दूसरे विद्वान। मुझे तो केवल इतना लगता है कि ' गद्दार ' कलिकाल में एक गाली है उन लोगों के लिए जिन्होंने लोगों के विश्वास को तोड़ा यानी विश्वासघात किया । तमाम सिद्धांतों,विचारों और नैतिकताओं का परित्याग कर अपनी सियासी बल्दियत बदली और वो भी बेशर्मी के साथ।

महाराष्ट्र के चुनावी माहौल में गद्दार शब्द को चर्चित किया है सूबे के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने । आप जानते हैं कि एकनाथ शिंदे ने बाला साहब ठाकरे की शिवसेना को भाजपा के सहयोग से दो टुकड़ों में बाँट दिया,इसलिए उन्हें मूल शिवसेना के कार्यकर्ता गद्दार कहते हैं और मानते भी हैं। मुंबई में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का काफिला चांदीवली विधानसभा क्षेत्र में जब कांग्रेस के नेता नसीम अहमद खान के दफ्तर से बाहर से निकला तो कुछ कार्यकताओं ने गद्दार-गद्दार कहकर नारेबाजी है। शिंदे को इस नारेबाजी से गुस्सा आया। वह काफिले को रोककर नीचे उतरे और सीधे कुछ ही दूरी पर स्थित कांग्रेस नेता के दफ्तर में पहुंच गए। एकनाथ शिंदे ने नसीम खान के दफ्तर में मौजूद पदाधिकारियों से कहा कि आप कार्यकताओं को यही सिखाते हैं ?



' गद्दार ' शब्द को लेकर शिंदे का गुस्सा जायज है या नाजायज इसका फैसला महाराष्ट्र की जनता हम और आप से ज्यादा बेहतर कर सकती है और शायद करेगी भी। लेकिन हमने ये शब्द अपने छात्र जीवन में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की कहानी पढ़ते हुए पहली बार सुना था। इतिहास कहता है कि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का झंडा उठाने वाली झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के साथ तत्कालीन ग्वालियर रियासत के शासकों ने ' गद्दारी ' की थी। रानी लक्ष्मीबाई अंग्रेजों से लड़ते हुए जब झांसी से ग्वालियर पहुंचीं तो वहां के शासक सिंधिया अपनी राजधानी छोड़कर चले गए थे।

' गद्दारी ' की इस कथित लेकिन ऐतिहासिक घटना को सुभद्रा कुमारी चौहान ने आजादी के बाद एक कविता लिखकर जन-जन में चर्चित कर दिया। उनकी कविता की कुछपंक्तियाँ एक तरह से कहावत में तब्दील हो गयी। कालांतर में मैंने भी 'गद्दार ' शीर्षक से एक उपन्यास लिख डाला। उपन्यास ' हॉटकेक ' की तरह खूब बिका भी। राजनीति में ताजा घटनाक्रम ने ' गद्दार ' शब्द को एक बार फिर से पुनर्जीवित कर दिय। महाराष्ट्र से पहले मध्यप्रदेश में ग्वालियर के सिंधिया राजवंश के ही मौजूदा प्रतिनिधि ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने कटक के साथ 2020 में कांग्रेस से विद्रोह कर अपने ऊपर गद्दार का तमगा खुद चस्पा कर लिया।ज्योतिरादित्य सिंधिया को शायद गद्दारी की प्रेरणा अपनी दादी श्रीमंत विजयराजे सिंधिया से मिली । राजमाता ने 1967 में मप्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार के साथ' गद्दारी ' की थी।हालांकि सिंधिया परिवार आजतक अपने ऊपर लगे आरोपों को स्वीकार नहीं करता। बाद में तो जहां भी दल-बदल हुआ ,पार्टियां टूटी या तोड़ी गयीं ' गद्दार ' शब्द गरिमा हासिल करता गया।

' गद्दार ' शब्द के पर्यायवाची के रूप में हिंदी में एक नहीं अनेक शब्द है। गद्दारी को कोई विभीषण कहता है तो कोई बागी । कोई विश्वसघाती कहता है तो कोई ' दोगला ' उर्दू वाले ' गद्दार ' को नमक हराम, खियानत करने वाला मानते हैं। अंग्रेजी में ' गद्दार ' को इअउङ रळअइइएफ कहा जाता है। यानि ' गद्दार ' शब्द के अनेक रूप हैं। कहीं ये संज्ञा है तो कहीं सर्वनाम । कहीं क्रिया है तो कहीं क्रिया विशेषण। कलियुग कोई सियासत में गद्दारी एक स्थायी भाव हो गया है। आप यदि थोड़ी से मेहनत करें तो देश के आधुनिक गद्दारों की एक लम्बी फेहरिस्त बना सकता है। आप चाहें तो इस विषय पार शोध कर डाक्टर आफ फिलासफी की उपाधि भी हासिल कर सकते हैं।

मेरा स्वाध्याय बताता है कि देश और दुनिया में हर कालखंड में गद्दार मौजूद रहे है। उनके बिना सियासत में तब्दीली होती ही नहीं है । बात एकनाथ शिंदे साहब द्वारा गद्दारी पर किये गए उज्र से शुरू हुई थी इसीलिए मुझे लगा कि महाराष्ट्र के शिंदे और ग्वालियर के शिंदे के डीएनए में कुछ न कुछ तो समानता है । ग्वालियर में भी सिंधिया शाही की शिंदे शाही कहा जाता है। महाराष्ट्र में एकनाथ ने शिव सेना तोड़ी तो मध्यप्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस तोड़ा । यही सद्कर्म चम्पाई सोरेन ने झारखण्ड में झामुमो को तोड़कर किया। समाजवादी पार्टी में तो इस लिहाज से गद्दारों की कोई कमी नहीं है। बिहारी राजनीति में जीतनराम माझिं नए-नए ' गद्दार ' हैं । कांग्रेस तोड़कर अपना अलग दल बनाने वाले शरद पंवार साहब हों या सुश्री ममता बनर्जी इसी बिरादरी के माने जा सकते हैं।

' गद्दारी ' एक स्वभाव है ,मानवीय स्वभाव इसलिए इसे गाली नहीं माना जाना चाहिए और यदि इसे गाली मान ही लिया गया है तो फिर इस गाली का सम्मान करना चाहिए। एकनाथ शिंदे की तरह गद्दार शब्द पर आपत्ति नहीं लेना चाहिए। गनीमत ये है कि अभी तक ' गद्दार ' शब्द को गाली मानने या कहने का मुद्दा अभी तक देश के सर्वोच्च न्यायालय तक नहीं पहुंचा है। यदि खुदा न खास्ता देश की बड़ी अदालत को इस शब्द को परिभाषित करने के लिए कह दिया जाए तो मुमकिन है कि बड़े-बड़े अभिभाषकों के साथ सीजेआई को भी पसीना आ जाए ! हमारे पुरखे कहते आये हैं कि दुनिया में जब तक सत्ता संघर्ष चलता रहेगा तब तक ' गद्दार ' पैदा होते रहेंगे। ' गद्दार ' अमरौती खाकर पैदा होते है। राहु -केतु की तरह अमर हैं देश और दुनिया के' गद्दार '।

हम सभी को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्रीमंत एकनाथ शिंदे का शुक्रगुजार होना चाहिए कि उनके बहाने हमें ' गद्दार ' शब्द पर विमर्श का मौका मिला। मौका मिला की हम अपने आसपास मौजूद ' गद्दारों ' को पहचाने,उनसे सावधान रहें ,लोगों को सावधान करें। आपके पास इस विषय में कोई और जानकारी हो तो जाहिर कीजिये। स्वागत है। वैसे मुझे याद आता है की 1973 में विनोद खन्ना और योगिताबाली की एक फिल्म ' गद्दार ' ही था । बाद में एक और ' गद्दार 'सुनील शेट्टी और सोनाली बेंद्रे ने भी बनाई थी ।

## कविता

सड़क पर चलना मेरा अधिकार
कोई छीन रहा है मुझसे
पैदल चलना
साइकिल से जाना
कोई सरल नहीं रहा

साँसों में घुटन
नेत्रों में जलन
सड़कों का हरण
विषैला आवरण
असहनीय चलन
असहज बना रहा है मुझे

पूछ रहा है मेरा मन
अब नहीं सह सकता तन
यह आग कब बुझेगी
यह धुआं कब छटेगा

कूड़े कर्कट से
खेतों से
चिमनियों से
कल कारखानों से
सड़कों पर बैठे
भुनती मूंगफली के दानों से
फुलझड़ी और पटाखों से
धुंआ फेंक रहे वाहनों से
अवैध ठिकानों और निर्माणों से

यह आग कब बुझेगी
यह धुआं कब छटेगा
यह अवैध कब्जा कब हटेगा

डॉ. अशोक कुमार

## क्या एक नारा बदल रहा है राजनैतिक परिदृश्य

**मृत्युंजय दीक्षित**

**हरियाणा** और जमू कश्मीर के बाद अब महाराष्ट्र और झारखण्ड विधानसभा चुनावों का उत्साह चरम पर है, दोनों ही पक्षों से आक्रामक बयानबाजी हो रही है । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नया नारा ह्यबटेंगे तो कटेंगेह्न सबकी जिह्वा पर है तथा जन समुदाय में इस नारे की स्वीकार्यता के कारण विपक्षी दलों के चुनाव प्रचार में भी तनाव साफ दिखाई पड़ रहा है। योगी जी के इस नारे की काट में विरोधी भी तरह- तरह के नारे बनाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के सभी बड़े नेता अपनी चुनावी जनसभाओं मे ह्लबटेंगे तो कटेंगे - एक रहेंगे तो नेक रहेंगे का तात्पर्य स्पष्ट करते हुए यही नारा लगा रहे हैं ह्ल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि निहित स्वार्थ के लिए कुछ राष्ट्र विरोधी लोग समाज को जाति, धर्म, भाषा, महिला- पुरुष, गांव शहर में बांटने के प्रयास में लगे हैं। इन सभी के मंसूबों की गंभीरता को समझना होगा। योगी आदित्यनाथ अपनी जनसभाओं में कह रहे हैं कि,ह्लबंटे थे तो अयोध्या -काशी में अपमान झेलना पड़ा, हम बंटे थे तो बहन बेटियों की अस्मिता से खिलवाड़ का अपमान झेलना पड़ा। योगी जी के आक्रामक बयानों से हताश कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने योगी जी के वस्त्रों पर टिप्पणी करते हुए उन्हें आतंकवादी कह दिया। इस प्रकार कांग्रेस ने अपनी पुरानी भगवा आतंकवाद की बात को जीवंत करने का प्रयास किया। मल्लिकार्जुन खरगे ने बहुत सोच समझ कर ही योगी जी को आतंकवादी कहा है क्योंकि चुनाव प्रचार में योगी जी के इस नारे की गूंज का असर है कि जहां- जहां चुनाव हो रहे हैं वहां- वहां हर भाजपा विधायक उनकी जनसभा की मांग कर रहा है। योगी जी ने महाराष्ट्र की जनसभाओं में यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारी सीट कम हो गई क्योंकि हम लोग बंट गए थे, अब ऐसा नहीं होना चाहिए। यही कारण है कि अब विपक्ष योगी जी को आतंकवादी कह रहा है। योगी जी ने भी मल्लिकार्जुन खरगे को उत्तर देते हुए हुए कहा कि, यदि खरगे जी को क्रोध करना है तो उन पर करना चाहिए जिन्होंने उनके गांव को जलाया था । उनकी पूज्यनीय माता जी, चाची और बहन को निजाम के रजाकरों द्वारा जलाया गया था लेकिन खरगे सच्चाई को नहीं बोलना चाहते क्योंकि उनको लगता है कि निजाम पर आरोप लगाऊंगा तो वोट खिसक जायेगा। खरगे जी सच्चाई स्वीकार नहीं करना चाहते वोट के लिए परिवार के बलिदान को भूल गये। चुनाव प्रचार से यह सिद्ध हो रहा है कि कांग्रेस के नेतृत्व में बना इंडी गठबंधन मुस्लिम तुष्टिकरण में आकंठ डूब चुका है क्योंकि महाराष्ट्र में कांग्रेस ने उलेमाओ की 17 ऐसी मांगे मान ली हैं जो पूरी तरह से संविधान विरोधी हैं। वैसे तो कांग्रेस का इतिहास सनातन हिंदू परंपरा अपमान करने का है, जब महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में पालघर में दो साधुओं की मुस्लिम भीड़ ने पीट पीटकर हत्या कर दी थी।

## विचार

# अब महाकाल की नगरी उज्जैन बनेगी वैश्विक नगरी

**महाकाल** की नगरी उज्जैन में इन दिनों महाकवि कालिदास के नाम पर आयोजित अखिल भारतीय कालिदास समारोह का धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है । पांच दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम का शुभारंभ उपराष्ट्रपति जयदीप धनखड़ ने अपने शानदार भाषण से किया। सरकार ने अब उज्जैन को वैश्विक आध्यात्मिक नगर (ग्लोबल स्पिरिचुअल सिटी) बनाने की तैयारियां भी प्रारंभ कर दी हैं। इस योजना के अंतर्गत मोक्षदायिनी शिप्रा नदी से सटी 3062 हेक्टेयर जमीन पर सड़क, पानी, बिजली, सीवरेज का स्थायी काम कराकर आश्रम, स्कूल-कॉलेज और धर्मशाला बनाने के लिए भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इससे साधु-संत और श्रद्धालुओं को होटलों के महंगे किराये से मुक्ति मिलेगी और पर्यटन के साथ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उज्जैन में सर्वाधिक भीड़भाड़ बारह वर्षों में एक बार आयोजित होने वाले कुंभ (जिसे उज्जैन के लिए सिंहस्थ कहा जाता है ) में हुआ करती है । जिसमें साधुसंतों और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वैश्विक आध्यात्मिक नगरी बनने के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में निस्संदेह कई गुना वृद्धि होगी।इसके समाधान के लिए ही यह नयी योजना लायी जा रही है। उल्लेखनीय है कि 2028 में उज्जैन में सिंहस्थ होना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंहस्थ क्षेत्र में साधु-संतों के लिए आश्रम, स्कूल-कॉलेज और धर्मशाला बनवाने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री का कहना था कि उज्जैन की पहचान साधु-संतों से है। इनके उज्जैन में रुकने, ठहरने, कथा भागवत करने के लिए भूमि की आवश्यकता पड़ती है। इसके लिए अब उज्जैन विकास प्राधिकरण के माध्यम से भूखंड लेकर लेकर पक्के और स्थायी आश्रम बनाए जा सकेंगे।

उज्जैन के मास्टर प्लान 2035 के अंतर्गत इस योजना में यदि किसी को आश्रम के लिए पांच बीघा जमीन दी जाती है तो उसमें से चार बीघा जमीन उसे खुली रखनी होगी ताकि वहां कथा, यज्ञ जैसे कार्यक्रम आसानी से हो सकें। परिसर में वाहन भी पार्क किए जा सकें। इन भूखंडों का व्यावसायिक उपयोग नहीं किया जा सकेगा। 2023 में संकल्प पत्र के रूप में जारी किए भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में उज्जैन को वैश्विक आध्यात्मिक नगर बनाने का उल्लेख है। सरकार का मानना है कि उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर, क्षिप्रा तट और योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण का शिक्षा स्थल महर्षि सांदीपनि आश्रम होने से पूरे वर्ष श्रद्धालुओं का मेला लगा रहता है। लैंड पूलिंग योजना के अंतर्गत भूमि का अधिग्रहण कर स्थायी सड़क, नाली, बिजली, पानी की व्यवस्था कराकर भूखंड आवंटित करने की योजना बनाई गई है। अब ये भूखंड कितने बड़े होंगे, क्या कोई संस्था या साधु-संत एक से अधिक भूखंड ले सकेगा, इस बारे में नीति अभी तैयार होना शेष है।

वर्ष 2016 और उसके पहले के सिंहस्थ आयोजनों में साधु-संत एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला क्षेत्र में सड़क, पानी, सीवरेज, बिजली की व्यवस्था अस्थायी की जाती रही है। इन व्यवस्थाओं पर के लिए सरकार को काफी बड़ी राशि खर्च करनापड़ती है।एक अनुमति के अनुसार पिछले सिंहस्थ में जितनी राशि खर्च हुई, उतने में ईतने ही स्थायी कार्य हो जाते। पिछली बार सरकार ने इन व्यवस्थाओं पर 4500 करोड़ रुपए खर्च किए थे। उज्जैन में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए निरंतर नए-नए प्रयास किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में अब ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर में स्वचालित वेंडिंग मशीन से श्रद्धालुओं को प्रसाद मिलेगा। भक्तों द्वारा क्यूआर कोड स्कैन कर पेमेंट करने के बाद लड्डू का पैकेट मशीन से बाहर निकलेगा। इसके लिए मंदिर समिति ने कोयंबटूर की 5ॠटेक्नोलॉजी नामक कंपनी को ऑटोमेटिक मशीन का ऑर्डर दिया है। मशीन से 100 ग्राम, 200 ग्राम और 500 ग्राम लड्डू के पैकेट प्राप्त होंगे। विश्व प्रसिद्ध बारह ज्योतिर्लिंगों में से एकमात्र दक्षिणमुखी भगवान श्री महाकालेश्वर मन्दिर में प्रबंध समिति द्वारा लड्डू प्रसाद निर्माण इकाई एवं निशुल्क अन्नक्षेत्र संचालित किया जाता है। उल्लेखनीय है

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# देश के लिये कलंक है मिलावटी व नकली खाद्य सामग्री का चलन

**निर्मल रानी**

**कम से कम समय** व लागत में अधिक से अधिक धन कमाने जैसी 'शार्ट कट ' मानवीय प्रवृति ने लगभग पूरे देश को संकट में डाल रखा है। भारतीय बाजार में नकली व मिलावटी सामानों की भरमार इसी प्रवृति का नतीजा है । परन्तु जब यही मिलावटखोरी या नकली सामग्री का इस्तेमाल खाद्य सामग्रियों में होने लगता है तो निःसंदेह यह सीधे तौर पर इंसान की जान से खिलवाड़ करने या धीमा जहर देने के सिवा और कुछ नहीं। पूरा देश इस बात से भली भांति वाकिफ है कि हमारे देश में दूध का जितना उत्पादन होता है उससे कई गुना ज्यादा दूध व दूध से बनी जरूरी सामग्री की खपत होती है। यह दूध आखिर कहाँ से आता है सोशल मीडिया के वर्तमान दौर में ऐसी अनगिनत वी डी ओ वायरल हो चुकी हैं जिनमें नकली व जहरीला दूध बनते देखा जा सकता है। नकली व मिलावटी देसी घी,खोया सब कुछ देश में बन रहा है व बेचा जा रहा है। असली नकली का भेद न कर पाने वाली आम जनता उसी धीमे जहर को खाने पीने के लिये मजबूर है। और इन्हीं या इनसे बनी अनेक खाद्य सामग्रियों का सेवन कर तरह तरह की बीमारियों का शिकार हो रही है।

अब तो हद यह हो गयी है कि पिछले दिनों देश की राजधानी दिल्ली,गाजियाबाद,मोदीनगर और हरियाणा के जींद से अमूल जैसे लोकप्रिय देसी घी सहित कई अन्य कम्पनीज के ब्रांड के नाम पर बनने वाला नकली घी पकड़ा गया। जहरीली खाद्य सामग्री का व्यवसाय करने वाले यह लोग टेट्रा पैक पर अमूल घी, मधुसूदन घी, मदर डेयरी घी, पतंजलि गाय घी, वर्का घी, नेस्ले एवरीडे घी, आनंद घी, परम देशी घी, मिल्कफूड देशी घी, मधु घी, लक्ष्य घी और श्वेता घी जैसी कम्पनीज के नकली ब्रांड पैक इस्तेमाल करते थे। और इन्हीं अलग अलग कंपनी के ब्रांड नाम से तैयार किया जा रहा देसी घी बनाकर बाजार में बेच रहे थे। केवल हरियाणा के जींद में जो देसी घी बनाने वाली फैक्टरी पकड़ी गई है वहां 2500 लीटर नकली घी का कच्चा माल बरामद हुआ।

## सृष्टि का भार विष्णु जी को सौंपने होता है अद्भुत हरि-हर मिलन

**बैकुंठ चतु**र्दशी पर महाकाल की नगरी उज्जयिनी अनूठे धार्मिक आयोजन का साक्षी बनेगी। भगवान महाकाल लाव लश्कर के साथ शहर के मध्य स्थित श्री द्वारकाधीश गोपाल जी के पास जाएंगे और श्री हरि को संसार के संचालन की व्यवस्था पुनः सौपेंगे। वैदिक मान्यता है कि जब भगवान श्री हरि जब आषाढ़ शुक्ला एकादशी को योग निद्रा में प्रवेश करते है तब संसार के संचालन की व्यवस्था भगवान भोलेनाथ को सौंप देते हैं। चातुर्मास के बाद जब श्री हरि कार्तिक शुक्ला एकादशी को योग निद्रा का त्याग करते है तब महादेव चतुर्दशी को पुनः भगवान विष्णु को सृष्टि का भार सौंप देते हैं। उज्जैन में हरि-हर मिलन की यह परंपरा करीब 100 वर्ष से ज्यादा पुरानी है। इस वर्ष महाकाल मंदिर से 14 नवंबर की रात 11 बजे भगवान महाकाल की सवारी निकलेगी। करीब दो किलोमीटर लंबा सवारी मार्ग तय कर सवारी द्वारकाधीश गोपाल मंदिर पहुचेंगी, देर रात श्रद्धालुओं का सैलाब इस आयोजन में शामिल होने के लिए उमड़ता हैं। सवारी मार्ग पर भक्त हरि हर मिलन की खुशी में जमकर आतिशबाजी करते है।राजा बलि ने जब स्वर्ग पर कब्जा कर इंद्रदेव को बेदखल कर दिया था। तब इंद्रदेव ने भगवान वष्णिु से सहायता मांगी थी। तभी वामन अवतार लेकर वष्णिु राजा बलि के यहां दान मांगने पहुंचे और उन्होंने तीन पग भूमि दान में मांगी। दो पग में भगवान ने धरती और आकाश नाप लयिा। तीसरे पग के लिए राजा बलि ने अपना सिर आगे कर दिया। भगवान विष्णु ने तीनों लोकों को मुक्त करके देवराज इंद्र का भय दूर कयिा। तब विष्णु ने प्रसन्न होकर राजा बलि से वर मांगने के लिए कहा।

बलि ने भगवान विष्णु से कहा- आप मेरे साथ पाताल चल कर नविास करें। भगवान वष्णिु बलि के साथ चले गए। इधर, देवी-देवता और विष्णु की पत्नी लक्ष्मी चंतिति हो उठीं। वे राजा बलि के पास पहुंचीं और उन्हें राखी बांधी। इसके उपहार स्वरूप भगवान विष्णु को मुक्त करने का वचन मांग लयिा। यही कारण है कि इन चार महीनों में भगवान वष्णिु योगनद्रिा में रहते हैं। वामन रूप में भगवान का अंश पाताल लोक में होता है।

## न्यूज फ्लैश

### कर्म करते समय लालच और अपेक्षा का भाव नहीं होना चाहिए: मानवी जी महाराज



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जैन साध्वी विदुषी श्री मानवी जी महाराज ने कहा है कि लालच सभी दुखों का मूल होता है। कर्म हमेशा निरपेक्ष भाव से करना चाहिए। जो भी अपेक्षा रखते हैं, वह हमेशा दुखी रहते हैं। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में सभी जीवों को समान माना गया है। हमें जीव हिंसा से बचना चाहिए।

वह आज करनाल के हनुमान गली स्थित जैन स्थानक में प्रवचन कर रही थी। जैन स्थानक में जैन परमेष्ठी महामंत्र णमोकार मंत्र का जाप पिछले चार महीने से चल रहा है। जैन साध्वी मानवी जी महाराज का चातुर्मास 15 नवंबर को समाप्त हो रहा है। वह 16 नवंबर को यहां से विहार करेंगी। आज का अखंड जाप रेनू जैन, तमन्ना जैन और मोहित जैन ने करवाया था।

जैन साध्वी जी ने कहा कि जैन परमेष्ठी महामंत्र केवल एकमात्र महामंत्र है, जो प्राकृत भाषा में लिखा गया है। यह आदि मंत्र है। इसमें सभी को नमन किया गया हैञ यह कष्टनाशक महामंत्र है। कार्यक्रम का संचालन स्थानक के महामंत्री नवीन जैन ने किया। उन्होंने कहा कि धर्म की प्रभावना हो रही है। पिछले चार सालों से करनाल धर्मनगरी बना हुआ है। इस अवसर पर प्रधान अशोक जैन, सतीश जैन, सौरभ जैन, कृष्ण जैन, समाजसेवी रमन जैन, विनोद कुमार जैन, निशा जैन, नीतू जैन सहित तमाम जैन धमार्लु मौजूद रहे।

### बोले सो निहाल सत श्री अकाल के उद्घोष से गूंजी कर्ण नगरी



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** अदिगुरू जगत गुरु श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर आज नगर कीर्तन निकाला गया। समूची कर्ण नगरी बोले सो निहाल सत श्री अकाल के उद्घोष से गूंज उठी। मिटी धुंध जग चानन होया। देश और समाज में अंधकार रूपी अज्ञान छटने लगा, जब गुरु नानक देव जी प्रकट हुए।

गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व से दो दिन पहले गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी द्वारा डेरा कारसेवा के प्रमुख तथा पंथ प्रचारक जत्थेदार बाबा सुक्खा सिंह के मार्गदर्शन में नगरकीर्तन निकाला गया। पहली अरदास डेरा कारसेवा गुरुद्वारे में सुबह हुई। उसके बाद नगर कीर्तन निकला। उसके बाद पहली पातशाही गुरुद्वारा मंजी साहेब से नगरकीर्तन को पूर्णता प्रदान की गई। नगरकीर्तन का जगह-जगह स्वागत किया गया। पालकी साहेब में गुरुग्रंथ साहेब लोगों की आस्था का केंद्र बने हुए थे। आगे पंच प्यारे सिख धर्म की परंपरा को आगे बढ़ा रहे थे। नगरकीर्तन में महिलाएं गुरुग्रंथ साहेब के रास्ते में पुष्प अर्पित करते चल रही थी। आगे मार्ग साफ किया जा रहा था। लोगों के जत्थे शबद गायन करते चल रहे थे। नगरकीर्तन में इसके अलावा सिख पंथ के विद्वतजनों को भी सम्मानित किया गया। नगरकीर्तन में गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान वरिंदर सिंह, उपप्रधान रतन सिंह, महासचिव जत्थेदार भाई इंद्रपाल सिंह, हरप्रीत सिंह नरूला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरपाल सिंह डोनी, गुलाब सिंह किशोर नागपाल, राजेंद्र अरोड़ा पप्पी, अमन मिड्ढा, राघव मिड्ढा, राजेंद्र और किशोर नागपाल ने भाग लिया। नगर कीर्तन में अखाड़े के सदस्यों द्वारा गतका का प्रदर्शन किया। सुबह दस बजे गुरुद्वारा डेरा कारसेवा से शुरु होकर नगरकीर्तन गुरुद्वारा मंजी साहेब, पातशाही पहली से सुबह साढ़े दस बजे से शुरु होकर कर्ण गेट, कमेटी चौक, दावत होटल, अस्पताल चौक, कुजंपुरा रोड, सब्जी मंडी से होते हुए गुरुद्वारा डेरा कारसेवा पर जाकर संपन्न हुआ।

# कंठी माता मंदिर के पास दूषित पानी की शिकायत पर एसडीएम ने लिया संज्ञान

-नगरपालिका अधिकारियों को तलब कर समाधान करने के दिए निर्देश

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर।** गढ़ी केसरी में कंठी माता मंदिर के पास सड़क पर दूषित पानी का जमाव होने की शिकायत पर एसडीएम ने संज्ञान लिया है। उन्होंने नगरपालिका सचिव को तलब कर मौके का निरीक्षण कर समस्या का जल्द से जल्द समाधान करवाने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम के निर्देश पर नपा सचिव पवित्र गुलिया ने गढ़ी केसरी में कंठी माता मंदिर के पास निकासी का जायजा लिया और शिकायतकर्ता को जल्द से जल्द इस समस्या से निजात दिलवाने का आश्वासन दिया। गढ़ीकेसरी के प्रदीप कौशिक ने बताया कि गढ़ी केसरी में कंठी माता मंदिर के पास सड़क पर काफी दिनों से नाले का दूषित पानी एकत्रित हो रहा है। इस बारे में उन्होंने कई बार नगरपालिका को शिकायत दी, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। बुधवार को वह एसडीएम डा. निर्मल नागर के कार्यालय में पहुंचे और उन्हें लिखित में शिकायत दी। उन्होंने बताया कि कंठी माता मंदिर के पास नाले का दूषित पानी सड़क पर भर जाता है। इसे रोकने के लिए पाइप दबवा कर दूषित पानी को जोहड़ में भेजा जा रहा था, लेकिन इसमें भी पाइप की सफाई न होने से अब यह भी जाम हो गया है। वहीं वाल्मिकी मोहल्ले के पास भी नाला तोड़ दिया गया है।



**निर्देश**

▶▶ नगरपालिका सचिव को तलब कर मौके का निरीक्षण कर समस्या का जल्द से जल्द समाधान करवाने के निर्देश दिए

जिससे लगातार सड़क पर बह रहा है। वे कई बार नगरपालिका से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नही रहा। दूषित पानी के जमाव से उनका घरों से बाहर निकलना भी दुर्भर हो गया है।

### चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी काबू



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** बीती शाम एंटी आटो थेफ्ट टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर नाकाबंदी करके मंगलपुर चौंक करनाल के पास से आरोपी रोहित पुत्र काशीराम वासी घीसरपूर, इन्द्री को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर आरोपी ने दो अन्य वारदातों के संबंध में भी खुलासा किया, जो एंटी आटो थेफ्ट टीम द्वारा उसके बताए स्थान से दोनों मोटरसाइकिल बरामद की गई। एंटी आटो थेफ्ट टीम के इन्चार्ज उपनिरीक्षक रोहताश सिंह ने बताया कि आरोपी द्वारा इनमें एक मोटरसाइकिल थाना शहर क्षेत्र से, एक थाना सैक्टर 32-33 क्षेत्र से और एक थाना निसिंग क्षेत्र से चोरी की गई थी। इनके संबंध में पहले से ही शिकायतकताओं की शिकायत पर संबंधित थानों में मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी पहले भी दो चोरी के मामलों में जेल जा चुका है और अब वह जमानत पर जेल से बाहर आया हुआ था। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से अदालत के आदेशानुसार उसे जेल भेज दिया गया।

### रानियां में चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**सिरसा।** रानियां में पुलिस ने 24 में चोरी को वारदात का खुलासा कर दिया। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अजय सिंह उर्फ अजला व बेरा राम निवासी गांव डूडियावांली के तौर पर हुई है। जिसने डूडियांवाली गांव में बीते दिन एक घर से 20 ग्राम चांदी व सिलेंडर व गैस चूल्हा चोरी किए थे। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने सामान बरामद कर लिया है। जीवन नगर पुलिस चौकी प्रभारी पृथ्वी सिंह की एक टीम ने गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव दलीप नगर क्षेत्र से दोनों आरोपियों को काबू कर लिया।

## प्लाट में जमा होने लगा दूषित पानी

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर।** बसंत विहार एक्सटेंशन में सीवर में गंदगी जमा होने की वजह से दूषित पानी खाली प्लाट में जमा हो रहा है। यह समस्या पिछले लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग इसका समाधान नहीं कर रहा है। ऐसे में स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बसंत विहार एक्सटेंशन में दूषित पानी की निकासी के लिए मुख्य गली में डाला गए सीवर में गंदगी भरी पड़ी है। जिस वजह से दूषित पानी सही तरीके से आगे नहीं जा पा रहा और पीछे से आने वाला दूषित पानी सीवर से निकल कर मकान के साथ लगते दूषित पानी में लंबे समय से जमा हो रहा है। दो महीने पहले जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने सीवर की सफाई की थी, लेकिन अब वह फिर से यह समस्या फिर शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि प्लाट में दूषित पानी जमा रहने की वजह से साथ लगते मकान की दीवार में सीलन आनी शुरू हो गई है। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।



वहीं हर समय दूषित पानी जमा रहने की वजह से मच्छर भी पनप रहे हैं। जिससे बीमारी फैलने का खतरा भी बन गया है। इसके साथ ही दूषित पानी से आने वाली बदबू ने भी उनका जीना मुहाल कर दिया है। वह इस संबंध में कई बार जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने एसडीएम से उनकी समस्या का समाधान करवाने की मांग की है। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने कहा कि शिकायतों की सुनवाई करना जनस्वास्थ्य विभाग की ड्यूटी है। वह इस बारे में विभाग के अधिकारियों से बात करेंगे और जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करवाएंगे।

**समस्या**

▶▶ यह समस्या पिछले लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग इसका समाधान नहीं कर रहा है

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, पुणे से पंजाब जा रहा था घर

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मधुबन थाना क्षेत्र में ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पंजाब के गुरदासपुर निवासी मनदीप के रूप में हुई है। मृतक पुणे में जॉब करता था और 11 नवंबर को अपने घर लौट रहा था। रास्ते में हादसा हो गया। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मनदीप ट्रेन से गिरा या फिर उसे गिराया गया था। पुलिस के मुताबिक, घरौंडा-मधुबन के बीच हसनपुर फाटक से कुछ ही दूरी पर ट्रेन से मनदीप नीचे गिर गया था और गंभीर रूप से घायल हो गया था। की-मैन ने युवक को गिरते देख लिया था। घायल अवस्था में मनदीप को घरौंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां से उसे करनाल कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया था। जहां देर रात उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। जब मनदीप ट्रेन से नीचे गिरा था, उस वक्त उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

जीआरपी पुलिस के संज्ञान में मामला आया। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू किए और बाद में पता चला कि युवक गुरदासपुर का है। इसके बाद आज मृतक के परिजन करनाल पहुंचे और मनदीप की शिनाख्त की। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## प्रतियोगिता में रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

टीम एक्शन इंडिया

**राई।** रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल में अंतर विद्यालय नृत्य प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। प्रतियोगिता जे.वी.एस.एस. स्कूल सोनीपत में हुई थी। नृत्यांजलि नामक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भिन्न-भिन्न समूह वर्ग में अनेक विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया के द्वारा विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भारतीय नृत्य शैलियों का मनमोहक प्रस्तुतीकरण कर सभी उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर अपना स्थान हासिल किया। वीर रस विषय पर आधारित एकल नृत्य प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप में बारहवीं कक्षा की छात्रा आश्ना ने द्वितीय स्थान के साथ- साथ ही ट्रॉफी व प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया। विकसित भारत विषय पर आधारित जूनियर ग्रुप में आठवीं कक्षा के छात्र व छात्राओं दृष्टा, नियति, हिमानी, साक्षी, जानवी, भव्या बत्रा भव्या ऑतिल, प्रियांशी, रुद्रा ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से सांत्वना पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्राप्त किए। विद्यालय पहुंचने पर सभी विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डा. प्रवीण गुप्ता ने विजयी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ- साथ इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए, ताकि हमारी संस्कृति को बचाकर रखा जा सकें। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों का चहुँमुखी विकास करना है। ऐसी गतिविधियाँ होती रहनी चाहिए ताकि छात्र अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और उनके अंदर छुपी प्रतिभा में निखार आ सकें।



**प्रमाणपत्र**

▶▶ सीनियर ग्रुप में बारहवीं कक्षा की छात्रा आश्ना ने द्वितीय स्थान के साथ- साथ ही ट्रॉफी व प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया

## मच्छरों की रोकथाम के लिए नगरपालिका ने शुरू किया फागिंग अभियान

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर।** शहर में डेंगू, मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारियों से बचाव के लिए नगरपालिका ने वार्डों में फागिंग शुरू कर दी है। बुधवार को मशीन की सेटिंग और डेमो कराया गया जिसके बाद कर्मचारियों को फागिंग करने के लिए वार्डों में भेज दिया गया। नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने बताया डेंगू व मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारियों के जिम्मेदार मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए शहर के सभी 17 वार्डों में फागिंग कराई जा रही है। शहर में फागिंग हो जाने के बाद लोगों को इन भयानक मच्छरों से राहत मिलेगी और उनसे फैल रही बीमारियों की भी रोकथाम होगी। उन्होंने कहा कि कहां फागिंग हुई और कहां नहीं इसकी मानिटरिंग की जाएगी। अगर कहीं से कोई शिकायत मिलती है तो कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन शहर के 2 वार्डों में शाम के समय फागिंग की जाएगी।



### अब तक 8 लाख 40 हजार 258 मीट्रिक टन धान की हुई आवक

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला में धान की खरीद का कार्य जारी है। गत दिवस तक जिले की मंडियों में 8 लाख 40 हजार 258 मीट्रिक टन धान की खरीद सरकारी एजेंसी द्वारा की गई। खरीदी गई धान का उठान तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि धान की खरीद का कार्य जिले में 15 मंडी/परचेज सेंटरों पर शुरू कर दिया गया है। अब तक 8 लाख 40 हजार 258 मीट्रिक टन धान मंडियों में आई।

## युवा महोत्सव: बिखरे हरियाणवी संस्कृति के रंग

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन )

आई. बी. महाविद्यालय पानीपत में चल रहे 45वें इंटर जोनल युवा महोत्सव में दूसरे दिन विभिन्न महाविद्यालयों की 114 टीमों ने छह मंचों पर 17 विधाओं झ हरियाणवी पॉप सांग, हरियाणवी लूर नृत्य, एकांकी, मिमिक्री, हरियाणवी/ हिन्दी स्किट, इंडियन ऑरकेस्ट्रा, हरियाणवी सोलो डांस, लोकगीत, लाइट झ वोकल इंडियन, क्लासिकल वोकल सोलो, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग, कोलाज, मेहंदी, संस्कृत डिक्लेमेशन, वाद झ विवाद तथा सांग आदि विधाओं में हरियाणवी संस्कृति के अनेक रंग बिखेरती विधाओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। महोत्सव में मुख्य अतिथि मुख्य न्यायिक अधिकारी एवं जिला न्यायिक सेवा प्राधिकरण, पलवल की सचिव मीनू सिंह, विशिष्ट अतिथि रूपा नंदवानी, आई. बी. एल. सोसायटी तथा आई. बी. महाविद्यालय की प्रबंधन समिति के प्रधान धर्मबीर बत्रा, उप प्रधान बलराम नंदवानी, महासचिव लक्ष्मी नारायण मिगलानी, परमवीर ढींगरा, रवि गोंसाई, युधिष्ठिर मिगलानी, रमेश नागपाल, अरूण बत्रा, एस. डी. शिक्षण समिति, पानीपत के अध्यक्ष श्री अनुप गर्ग, समाज सेवी डी. पी. भारद्वाज, कु.वि.कु. पर्यवेक्षक डॉ. अशोक चौधरी, युवा एवं सांस्कृतिक विभाग कु. वि. कु. से डॉ. आनंद कुमार एवं हरविन्द्र राणा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, उप प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा, सांस्कृतिक समिति के संरक्षक डॉ. निधान सिंह एवं डॉ. सुनित शर्मा, प्रभारी डॉ. सुनीता ढांडा तथा अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर महोत्सव की विधिवत शुरूआत की। उत्सव में अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह तथा शाल भेंट कर किया गया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने आई. बी. महाविद्यालय को युवा महोत्सव की मेजबानी का अवसर देने के लिए कु. वि. कु. के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का धन्यवाद किया।




## मंडियों में कुल 285934.5 मीट्रिक टन धान की आवक हुई

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )

उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में 12 नवम्बर तक कुल 285934.5 मीट्रिक टन धान की आवक हुई इसमें से 25026.5 मीट्रिक टन धान ग्रेड-ए तथा 1509 किस्म की 143767.0 मीट्रिक टन धान, सरबती शून्य मीट्रिक टन, बासमति/1121 धान 98728 मीट्रिक टन व मुच्छल/डीबी 18413 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। उन्होंने बताया कि बाबरपुर मंडी में कुल 17644 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 5839 मीट्रिक टन, बासमती/1121 धान 1548 मीट्रिक टन, सरबती शून्य मीट्रिक टन तथा 1509 किस्म की 10049 मीट्रिक टन, मुच्छल/डीबी 208 मीट्रिक टन धान की आवक की गई। इसी प्रकार बापौली मंडी में कुल 17134.9 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 576.9 मीट्रिक टन, सरबती शून्य मीट्रिक टन धान, बासमती/1121 धान 11195 मीट्रिक टन, मुच्छल/डीबी 585 मीट्रिक टन धान तथा 1509 किस्म की 4778 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। इसराना मंडी में कुल 14460.9 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 3211.9 मीट्रिक टन और 1509 किस्म की 3665 मीट्रिक टन, बासमती/1121 धान 6827 मीट्रिक टन, मुच्छल/डीबी 757 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। इसी प्रकार मडलौडा मंडी में कुल 59670 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 6438 मीट्रिक टन, सरबती शून्य मीट्रिक टन धान, बासमती/1121 धान 25827 मीट्रिक टन तथा 1509 किस्म की 14474 मीट्रिक टन धान व मुच्छल/डीबी 12931 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। पानीपत मंडी में कुल 52010.7 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 5174.7 मीट्रिक टन, बासमती/1121 धान 14568 मीट्रिक टन, मुच्छल/डीबी 2659 मीट्रिक टन धान तथा 1509 किस्म की 29609 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। समालखा मंडी में कुल 125014 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 3786 मीट्रिक टन, बासमती/1121 धान 38763 मीट्रिक टन तथा 1509 किस्म की 81192 मीट्रिक टन, मुच्छल/डीबी 1273 मीट्रिक टन धान की आवक हुई हैं। इसी प्रकार सनौली मंडी में कुल शून्य मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए शून्य मीट्रिक टन, कोमन शून्य मीट्रिक टन, बासमती/1121 धान शून्य मीट्रिक टन तथा 1509 किस्म की शून्य मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। उपायुक्त ने बताया कि जिला की मंडियों में 281759 मीट्रिक टन धान में से मिलर्स तथा डीलरों द्वारा 260230 मीट्रिक टन धान खरीद किया गया और हैफेड द्वारा 12055.5 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है, एचडब्लयूसी द्वारा 9473.5 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई। बाबरपुर मंडी में 17221.1 मीट्रिक टन धान में से मिलर्स तथा डीलरों द्वारा 11805 मीट्रिक टन धान खरीद किया गया और हैफेड द्वारा 4343 मीट्रिक टन धान और एचडब्ल्यूसी द्वारा 1073.1 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई।

**खरीद**

▶▶ 25026.5 मीट्रिक टन धान ग्रेड-ए तथा 1509 किस्म की 143767.0 मीट्रिक टन धान की आवक हुई

## तनख्वाह नहीं मिलने पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों में रोष

खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी

**खरखौदा:** ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने बुधवार को खरखौदा स्थित बीडीपीओ कार्यालय में पहुंचकर उन्हें फरवरी माह का वेतन नहीं दिए जाने पर रोष जताया। उनका कहना है कि जल्द ही उनकी मांग पर सुनवाई नहीं की तो वह आगामी कड़ा फैसला लेंगे। सफाई कर्मचारी रोहताश, सतीश, अशोक, प्रेम सिंह, विजय, प्रमोद, विजय, जगमेल, सुनील, जोगिंद्र, नरेंद्र व महेंद्र का कहना है कि उन्हें अब तक फरवरी माह का वेतन नहीं दिया गया है। वह लगातार कई महीनों से अपने वेतन की मांग को लेकर चक्कर लगाते आ रहे हैं। लेकिन आश्वासनों से बात आगे नहीं बढ़ रही है। जिसके कारण उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि बीडीपीओ कार्यालय का स्टाफ भी उन्हें वेतन के बारे में सही जानकारी मुहैया नहीं करवा रहा है। ऐसे में अब अगर जल्द ही उन्हें उनका वेतन नहीं मिलता है तो वह सर्वकर्मचारी संघ के साथ मिलकर आगामी कड़ा फैसला लेंगे।



न्यूज फ्लैश

## भाजपा के नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष का हुआ कुरुक्षेत्र में भव्य स्वागत



**सोनीपत।** संत गुरुनानक देव धर्म प्रवर्तक, महान समाज सुधारक थे जिन्होंने ऊंच नीच, भेदभाव, मूर्ति पूजा, पाखंड एवं अंध विश्वासों के खिलाफ समाज को जागृत करने का काम किया। गुरु नानक देव का मानना था कि शुद्ध आचरण तथा पवित्र जीवन ही जीव की मुक्ति का साधन है। उक्त विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने गुरुद्वारा गीता भवन से गुरुपर्व के अवसर पर आयोजित नगर कीर्तन कार्यक्रम में पहुंचकर संगत को गुरु पर्व की बधाई देते हुए व्यक्त किये। राजीव जैन ने कहा कि धर्म आधारित सिख धर्म की स्थापना करके गुरु नानक देव ने दीन दुखियों को सहारा देने का काम किया। राजीव जैन ने गुरु ग्रन्थ साहिब के दरबार में माथा टेका और नगर कीर्तन का नेतृत्व कर रहे पंच प्यारों का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। नगर कीर्तन में युवा सिख सभा द्वारा किया जा रहा गतका, तलवार बाजी आकर्षण का केंद्र रहे और शोभा यात्रा बस अड्डा, गाँधी चौक, सेक्टर 14, सेक्टर 15, सिक्का कॉलोनी, ओल्ड डी०सी० रोड, सुजान सिंह पार्क, मॉडल टाउन गुरुद्वारा, सुभाष चौक, रेलवे रोड होते हुए गीता भवन गुरुद्वारा में समापन हुआ। शहर में विभिन्न स्थानों पर श्रधालुओं ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। राजीव जैन ने कहा कि जीवन में सत्य ज्ञान की प्राप्ति के लिए गुरु का होना आवश्यक है, यह संदेश हमें गुरु नानक देव ने दिया और मानव को ईश्वर के सत्य नाम का जाप करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के बाद भी सिख समाज गुरु नानक देव की शिक्षाओं पर चलकर मानवता की सेवा एवं धर्म की रक्षा में लगा हुआ है।

## स्वास्थ्य के लिए नियमित जांच जरूरी: प्रो. एआर चौधरी

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में बुधवार को केयू स्वास्थ्य केन्द्र में विश्व मधुमेह दिवस के उपलक्ष्य में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, मोहाली के संयुक्त तत्वावधान में कर्मचारियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर बतौर मुख्यातिथि कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए नियमित जांच जरूरी है जिससे हम अनेक खतरनाक बीमारियों से भी बच सकते हैं। इसलिए समय-समय पर हमें अपने स्वास्थ्य की जांच करवानी चाहिए।
केयू स्वास्थ्य केन्द्र के एडमिनिस्ट्रेटर एवं मेडिकल ऑफिसर गैपियो सदस्य, आरएसएसडीआई डॉ. आशीष अनेजा ने बताया कि विश्व मधुमेह दिवस पर आयोजित इस नि:शुल्क कैंप का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था।

# शहर में अलग-अलग जगहों पर होगी भव्य और सुन्दर आर्ट पेंटिंग: सुभाष सुधा

### सरकार ने थानेसर शहर में वॉल आर्ट पेंटिंग कार्य के लिए 10 लाख 51 हजार रूपए की राशि की टैंडर प्रक्रिया की पूरी

विकास कार्य

▶▶ चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद टैंडर विकास कार्यो को पूरा करने के लिए खोल दिए हैं



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरूक्षेत्र :** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर शहर के विकास कार्यो के लिए प्रदेश सरकार ने चुनावों से पहले 5 करोड़ 78 लाख 45 हजार रूपए की राशि मंजूर कर दी थी और चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद टैंडर विकास कार्यो को पूरा करने के लिए खोल दिए हैं और जल्द ही विकास कार्य शुरू कर दिए जाएगें। इस बजट में से 10 लाख 51 हजार रूपए की राशि से शहर के सौन्दर्यकरण के लिए शहर में अलग-अलग जगहों पर आर्ट वॉल पेंटिग का कार्य किया जाएगा। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि नगर परिषद् थानेसर के पहले और दूसरी मंजिल के रैनोवेशन का कार्य करवाया जाएगा। इन दोनों मंजिलों की मरम्मत व रखरखाव के लिए पहले से ही मंजूरी दे दी थी। इसके लिए बकायदा 12 लाख 57 हजार रूपए का बजट भी जारी कर दिया था। अब इसका कार्य शुरू कर दिया जाएगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि वार्ड 4 में प्रयाग शर्मा, के घर से अशोक शर्मा के घर तक वाया रवीश गौतम शान्ति एन्क्लेव के गली निर्माण कार्य पर सरकार की तरफ से 16 लाख 91 हजार रूपए का बजट खर्च किया जाएगा। इसी तरह सैक्टर 17 रोड पर सुन्दर सदन से लेकर विकास कटारिया वाया सुमित गुप्ता ज्योति नगर वार्ड -6 में 16 लाख 33 हजार रूपए की लागत से मैस्टिक एस्फेट रोड का निर्माण किया जाएगा, डेरा रामपुरा में शमशेर सिंह के घर से गुलाब सिंह और प्रकाश के घर तक इन्टर पैवर ब्लॉक से गली का निर्माण किया जाएगा। इस कार्य पर 12 लाख 56 हजार रूपए की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि वार्ड 11 कंग कॉलोनी में सूर्या लाल के घर से सोनिया वालिया के प्लाट वाया मुकेश कुमार के घर तक इन्टरपेवर ब्लॉक की गली बनाई जाएगी। इस गली निर्माण कार्य पर 12 लाख 32 हजार रूपए की राशि का खर्चा आएगा। सरकार की तरफ से पहले से ही मंजूर किए गए बजट से वार्ड 11 सुन्दरपुर कॉलोनी में पूर्ण सिंह वाल्मिकी के घर से विजय वाल्मिकी के घर तक इन्टरपेवर ब्लॉक की गली बनाई जाएगी। इस निर्माण कार्य पर 22 लाख 34 हजार रूपए का बजट खर्च होगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि देवी दासपुरा वार्ड 12 में पृथ्वी सिंह के घर से दुकान तक खुशवंत सिंह वाया ओम प्रकाश सैनी की दुकान तक तथा शादीराम की दुकान से नेहरा सिंह वाया बब्ली राम के घर तक दो गलियों का निर्माण किया जाएगा।
इन दोनों गलियों के निर्माण पर 21 लाख 26 हजार रूपए का बजट खर्च होगा।
पूर्व राज्यमंत्री ने शहर में होने वाले विकास कार्यो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सैक्टर-3 में मकान नम्बर 820 से मकान नम्बर 821 पार्क तक इन्टरपेवर ब्लॉक की गली का निर्माण किया जाएगा। इस निर्माण कार्य पर 16 लाख 6 हजार रूपए का बजट खर्च होगा।

## परमेश्वर के मन्दिर को जो भ्रष्ट करेगा, परमेश्वर उसका नाश करेगा: पास्टर



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला :** भूले- भटके व अन्धकार में घिरे लोगो को सही राह दिखाने व अन्धकार से ज्योती में लेकर आने वाली संस्था प्रोफिट विक्लप यहोशवाह मनिस्ट्री के संस्थापक प्रोफिट विक्लप द्वारा अंबाला कैंट के एक निजि पैलेस में आयोजित करवाएँ गए मसीह सत्संग में प्रभु के चुने हुए दास राष्ट्रीय सुसमाचार प्रचारक संत मुनीर मसीह प्रभु का प्रचार करने तथा अपने ही लिखे मसीह आत्मिक गीतों द्वारा आत्मा मे मृत लोगों को मात्र अपने गीतो द्वारा ही उनकी आत्मा को जगाने वाले सतं जी के अभिषिक्त बेटे सोनू स्टीफन के पहुंचने पर प्रोफिट विक्लप तथा प्रभु द्वारा ही चुनी गई दासी सिस्टर गगनप्रीत कौर ने बुके देकर प्रभु के चुने दासो का स्वागत किया तथा इस अवसर पर उनकी कालिसीया के भाइयों व बहनों ने फूलो की वर्षा द्वारा प्रभु प्रचारक व गोस्पल सिंगर का हाले लूईया के नारे लगा-लगा कर स्वागत किया। प्रोफिट विकलप मनिस्ट्री द्वारा इस धार्मिक अनुष्ठान में पहुंचे पास्टर कवल जीत, पास्टर सजीव चौधरी, पास्टर फिलिप लाल, पास्टर आशुतोष पास्टर संदीप नारायण, पास्टर राणा (खरङ) पाष्टर अमन पास्टर सोनू, पास्टर पवन, पास्टर शमोन, पास्टर परमजीत, पास्टर मोहित, पास्टर नवजोत कौर, पास्टर नरेन्द्र कौर पास्टर जोगेन्द्र, बिशप शोकत भट्टी, ईसाई नेता प्रदीप मसीह को शाल ओडाकर व सिस्टर जसनीर भट्टी व नर्सी होम की संचालक नरेन्द्र कौर को बुका देकर उनका स्वागत किया। आराधना के दोरान गोस्पल सिंगर ब्रदर सोनू स्टीफन ने अपने गीतो की शुरूवात से पहले इन चार लाइनो (देख अपने गुनाहो की तरह में डोल रहा हूँ, रहमत के के तराजू में गुनाह तोल रहा हूँ, छोटा तो हूँ पर बोल बडे बोल रहा हूँ, मसीह के नाम में जुबा को खोल रहा हूँ)।

## जिला बार एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण गुप्ता ने किया नवनियुक्त उपायुक्त का स्वागत

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** जिला बार एसोसिएशन कुरुक्षेत्र के प्रधान कृष्ण कुमार गुप्ता एवं बार एसोसिएशन के महासचिव रविंद्र सांगवान ने कुरुक्षेत्र की नवनियुक्त उपायुक्त नेहा सिंह का उनके कार्यालय में जाकर स्वागत किया । कृष्ण कुमार गुप्ता ने कहा कि उन्हें आशा है



कि नवनियुक्त उपायुक्त धर्म नगरी कुरुक्षेत्र के लिए नए प्रोजेक्ट पर कार्य करेंगी और आमजन की समस्याएं सुलझाएंगी । उन्होंने कहा कि बहुत ही सौहार्दपूर्ण माहौल में उपायुक्त से बातचीत हुई । गुप्ता ने कहा कि जिला बार एसोसिएशन जिला प्रशासन को पहले की तरह अपना पूरा सहयोग देगी ।

## प्रकाश पर्व पर हरियाणा कमेटी ने जत्था भेजा पाकिस्तान

धार्मिक यात्रा

▶▶ जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, कनिष्ठ उपप्रधान प्रवकता कवलजीत सिंह अजराना ने किया जत्था रवाना



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी द्वारा धार्मिक यात्रा के लिए एक जत्था पाकिस्तान रवाना किया। धर्मनगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना, प्रवकता कवलजीत सिंह अजराना व मैंबर स्वर्ण सिंह ने जत्थे को गुरु चरणों में अरदास के बाद यहां से भेजा। प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व यह जत्था पाकिस्तान में धार्मिक स्थानों की यात्रा के लिए भेजा गया है। जत्थे में 153 श्रद्धालु शामिल हैं। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के जत्थे को पाकिस्तान में सुशोभित गुरुद्वारा साहिबान के दर्शन हेतु वीजा देने पर प्रधान जत्थेदार असंध ने भारत सरकार व पाकिस्ता दूतावास का आभार जतायाा है। श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व को लेकर किए जा रहे समागमों की जानकारी देते हुए जत्थेदार असंध ने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी द्वारा सबसे बड़ा समागम गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली व दसवीं कपाल मोचन बिलासपुर में करवाया जा रहा है। एक मेले के रूप में समागम को मनाया जा रहा है, जहां पंजाब व हरियाणा के साथ-साथ अन्य राज्यों से हजारों की गिनती में संगत पहुंच रही है। इसके अलावा कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली और गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में भी समागम करवाया जा रहा है।

बुधवार को गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ किया गया है, जबकि १४ नवंबर को यहां से महान नगर कीर्तन सजाया जाएगा। इसके उपरांत 15 नवंबर को ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में कीर्तन दरबार सजाया जाएगा।

## मुरलीधर डीएवी स्कूल में पर्यावरण को लेकर असेंबली आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** मुरलीधर डी ए वी पब्लिक स्कूल की कक्षा तीसरी बी ने पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक थीम आधारित असेंबली का आयोजन किया। इस असेंबली का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों में पर्यावरण की रक्षा के प्रति जिम्मेदारी का भाव जागृत करना था। इस कार्यक्रम में बच्चों ने एक आकर्षक नृत्य और ऊर्जा संरक्षण के विभिन्न उपायों की



प्रस्तुति दी। असेंबली के अंत में पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर एक प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। इस क्विज में पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत, और प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग जैसे विषयों पर प्रश्न पूछे गए। इस प्रतिस्पर्धात्मक क्विज ने न केवल छात्रों के ज्ञान को परखा, बल्कि उन्हें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी को समझने और जागरूक रहने की प्रेरणा भी दी।

जागरुकता

▶▶ कक्षा तीसरी बी ने पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक थीम आधारित असेंबली का आयोजन किया

प्रिंसिपल डॉ आर आर सूरी ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने पूरे स्कूल समुदाय को इन सीखों को अपने जीवन में अपनाने और छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से पर्यावरण की सुरक्षा में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

## शक्ति श्योकंद ने अपनी शादी की वर्षगांठ पर मरीजों को फल बांटे

खुशियां

▶▶ सबको अपने हर त्यौहार,जन्मदिन, सालगिरह, पूर्वजों की बरसी व अन्य सभी खुशियां मरीजों की मदद करके मनानी चाहिए



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था के एक और मददगार हाथ श्रीमान शक्ति श्योकंद जी की ९वीं मैरिज एनिवर्सरी के उपलक्ष्य में सहपरिवार आकर एल एन जे पी सरकारी अस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल मरीजों के लिए फल की सेवा दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शक्ति श्योकंद जी ने बताया कि सबको अपने हर त्यौहार,जन्मदिन, सालगिरह, पूर्वजों की बरसी व अन्य सभी खुशियां मरीजों की मदद करके मनानी चाहिए। ये समाज के लिए और इंसानियत के लिए एक महत्वपूर्ण कार्य होगा । इस अवसर पर शक्ति श्योकंद के माता, पिता,पत्नी,बच्चे,संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र,प्रधान अंगूरी लाल,पूर्व प्रधान श्रवण कुमार,उपप्रधान नितेश मंगल,हस्पताल स्टाफ, मरीज व उनके सहायक मौजूद रहे।

## एयरटेल एक्सचेंज में घुसे हथियारबंद बदमाश

**फतेहाबाद।** शहर के सिरसा रोड स्थित एयरटेल एक्सचेंज में मंगलवार की देर रात घुसे बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। गाड़ी में आए तीन बदमाशों ने कार्यालय में घुसते ही वहां तैनात टेक्नीशियन पर पिस्तौल तान दी और उसके हाथ-पैर बांधते हुए मुंह पर टेप लगा दिया। इसके बाद एक्सचेंज से महंगे उपकरण लूटपाट कर फरार हो गए। सूचना मिलते ही थाना शहर फतेहाबाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच करते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। सिरसा रोड स्थित एयरटेल एक्सचेंज में मौजूद इंजीनियर संजीव ने बताया कि बीती रात टेक्नीशियन सतीश ड्यूटी पर मौजूद था।

## दो-दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह ) चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में दो-दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अक्षय सहरावत (कर्नल) और सुशील गुलिया ने शरीक होकर खेल उत्सव की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथियों का विद्यालय प्रबंधन समिति, अध्यापकगण व छात्राओं द्वारा पुष्प- गुच्छ व पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथियों के द्वारा किया गया। अतिथि देवो भव इसका निर्वाह करते हुए बारहवीं की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कक्षा 11वीं व कक्षा 12वीं की छात्राओ द्वारा किया गया । कक्षा नौवीं , दसवीं व ग्यारहवीं की छात्राओं ने हरियाणवी संस्कृति को बरकरार रखने के लिए





शानदार हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया । डॉक्टर श्वेता द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ने विद्यालय में आकर बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया गया। इसके बाद मार्च पास्ट की प्रस्तुति चारों सदनों द्वारा दी गई। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी लक्की, निधि ,ऋषिका द्वारा खेल ज्योति प्रज्वलित की गई। खेलों में 100 मीटर , 200 मीटर, 1500 मीटर रेस , शॉट पुट , रस्साकस्सी आदि खेल शामिल रहे। कक्षा नर्सरी से यू के जी तक टॉय रेस, बैलून रेस, रिंग रेस, बकेट रेस , फ्रॉग रेस और कक्षा तीसरी से चौथी तक 50 मीटर रेस, आदि शामिल रहे टॉय रेस में देवराज, रिंग रेस में परम सिंह नर्सरी, शिवा एल के जी , नक्श, बकेट रेस में नक्श, दिनेश यू के जी, रैबिट रेस में सुरक्षित, बैलेंसिंग खेल में वर्णित , फ्रॉग रेस में आहिल ने प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा तीसरी और चौथी में 50 मीटर रेस में वीरेन, आर्यन और देव ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता

▶▶ कक्षा तीसरी और चौथी में 50 मीटर रेस में वीरेन, आर्यन और देव ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया

## गीता ज्ञान संस्थानम में श्रद्धा व उल्लास से आयोजित हुआ तुलसी विवाह

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से गीता ज्ञान संस्थानम में मंगलवार की देर रात्रि तुलसी विवाह श्रद्धा व धूमधाम से संपन्न हुआ। शालिग्राम जी की बारात बैंड बाजों के साथ धूमधाम से निकाली गई और जमकर रंगीन आतिशबाजी भी हुई। बैंड बाजों तथा धार्मिक भजनों की धुन पर बाराती जमकर नाचे। संस्थानम परिसर के मुख्य द्वार से शुरू होकर बारात श्री कृपा बिहारी जी के मंदिर पहुंची जहां श्रद्धालुओं ने बारात का स्वागत किया।इस अवसर पर राधा व कृष्ण के भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। पवन गुब्बर द्वारा आओ मेरी सखियों मेहंदी लगाओ, मुझे श्याम सुंदर की दुल्हन बनाओ गाए गए



भजन पर श्रद्धालु झूम उठे। इसी प्रकार सुनील वत्स ने जब से सांवरे ने पकड़ा मेरा हाथ, मेरी हो गई बल्ले-बल्ले के भजन का भी श्रद्धालुओं ने खूब आनंद उठाया। मंदिर परिसर में तुलसी और शालिग्राम की फेरों की रस्म अदा की गई। वधु पक्ष की ओर से लाला मंगत राम जिंदल व उनकी धर्मपत्नी बिमला जिंदल ने परिवार सहित कन्या धान की रस्म अदा की। दूसरी ओर वर पक्ष की जिम्मेदारी राजेंद्र चोपड़ा व उनकी धर्मपत्नी सुषमा चोपड़ा ने निभाई। फेरो के समय धार्मिक भजन गाए गए। फेरे कराने की जिम्मेवारी पंडित पवन मिश्रा ने संभाली। शालिग्राम जी ने तुलसी के संग अग्नि के सात फेरे लिए और इस प्रकार विधिपूर्वक तुलसी विवाह महोत्सव संपन्न हुआ।इसके पश्चात

उत्सव

▶▶ शालिग्राम जी की बारात बैंड बाजों के साथ धूमधाम से निकाली गई और जमकर रंगीन आतिशबाजी भी हुई

बारातियों व अन्य श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था भी की गई थी। देवउठनी एकादशी के अवसर पर आयोजित तुलसी विवाह के भंडारे में श्रद्धालुओं ने आनंद उठाया। इस अवसर पर श्री कृष्ण कृपा गौशाला के प्रधान सुनील वत्स, विजय नरूला, रामकुमार शर्मा, पूर्व प्रधान सुरेश शर्मा, गीता ज्ञान संस्थानम के मीडिया प्रभारी रामपाल शर्मा,अशोक चहल, जयभगवान शर्मा, अरविंद, दीपक आहूजा, प्रदीप कुमार, पिंकी जिंदल, केसी कात्याल, नरेश, अशोक कौशल, नवोदित, चंद्रप्रकाश शर्मा, सविता वत्स, सरिता, रजनी शर्मा, कमला, धर्मपाल शर्मा, नरेश मोंगिया, ममता आहूजा, दिव्य शर्मा सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

**20 नवंबर से निकाली जाएगी प्रभात फेरिया**

श्री कृष्ण कृपा गौशाला के प्रधान सुनील वत्स ने बताया कि गीता ज्ञान संस्थानम में 4 दिसंबर से 8 दिसंबर तक आयोजित होने वाले गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में नगर के विभिन्न गली मोहल्लों में 20 नवंबर से प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक प्रभात फेरियां आयोजित की जाएगी, जो कि 11 दिन तक चलेगी।

## समालखा में गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाली प्रभातफेरी

टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह )

गुरु नानक देव जी के 555 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में बुधवार को 9 वीं प्रभातफेरी निकाली गई। माडल टाउन स्थित गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब से प्रातः 4 बजे निशान साहिब के साथ शुरू हुई प्रभातफेरी नगर भ्रमण करते हुए नितिन मनचंदा व चेतन कपूर के निवास पर पहुंची जहां परिवार की तरफ से पुष्प वर्षा कर संगत का स्वागत किया गया।इस मौके पर दासन दास जगतार सिंह बिल्ला ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि "वाहे गुरु राम नाम रटते रहो,जब लग घट में प्राण। कबहु तो दीनदयाल के,भनक पडेगी



कान।। जिभहा तो तब भली जो जपे वाहेगुरु का नाम। नही तो काट निकालिए,मुख में भली ना चाम।। इस अवसर पर भाई गुरमुख सिंह द्वारा गुरबाणी किर्तन करके संगत को गुरु चरणों से जोड़ा। प्रभातफेरी में शाम सिंह,तिलक चौपड़ा,बीबी गुलशन कौर,आशा अरोड़ा,रितू रानी, भूपिंदर कौर,नेहा मनचंदा, कशिश मल्होत्रा, सुनीता छाबड़ा,रेखा रानी,पूनम देवी,रीना कौर,विरपाल कौर व राजिन्दर कौर आदि मौजूद रहे।

# श्री खाटू श्याम मंदिर में हुंडी का खजाना वितरित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.),खाटू धाम कुरुक्षेत्र द्वारा श्री खाटू श्याम मंदिर में भक्तों को बाबा की हुंडी का खजाना वितरित किया गया। साथ ही श्री श्याम जागरण के सहयोगियों और श्याम सेवकों को सम्मानित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और सचिव अटल शर्मा ने बताया कि श्री श्याम प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में पहली बार श्याम बाबा की हुंडी का खजाना वितरण की परम्परा शुरू की गई जोकि प्रत्येक वर्ष निभाई जाएगी। श्री सत्य सनातन हिन्दू धर्म में देवी देवताओं के प्रसाद के साथ साथ खजाना लेने के प्रति भक्तों में अगाध श्रद्धा होती है।



मान्यता है कि इस खजाने को तिजोरी,गुल्लक,गल्ला, पर्स अथवा जेब में रखने से धन की कोई कमी नहीं रहती और कमाए हुए धन की शुद्धता बरकरार रहती है जिससे फिजूल खर्ची भी नहीं होती। इसी मान्यता के आधार पर दूर दूर से सैकड़ों श्याम भक्त खाटू धाम मंदिर में बाबा का खजाना प्राप्त करने पहुंचे। मंदिर में पुरुष,महिलाओं और सीनियर सिटीजन की लंबी लंबी लाइनें लगी जिसकी व्यवस्था श्याम सेवकों ने संभाली। श्याम बाबा का आशीर्वाद रूपी हुंडी का खजाना

**सम्मानित**

**साथ ही श्री श्याम जागरण के सहयोगियों और श्याम सेवकों को सम्मानित किया गया**

और मोरझडी का झाड़ा लेकर भक्तों की खुशी का ठिकाना न रहा। लाइनों में व्यवस्थित ढंग से श्याम बाबा का जयकारा लगाते हुए भक्त आगे बढ़ते रहे और श्याम बाबा का अमोघ आशीर्वाद लिया। विशाल श्याम जागरण में सेवा प्रदान करने वाले सहयोगियों,श्याम सेवकों और महिला मंडल कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि मंदिर विस्तार हेतु करवाए जा रहे निर्माण कार्य में सभी तन- मन- धन से सहयोग करें। इस अवसर पर प्रधान सुभाष सुखीजा,उप प्रधान एल डी कंबोज,सचिव अटल शर्मा,कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा,राजेश मोदगिल,आशीष चोपड़ा, विनीत राजपाल, हेमंत भारद्वाज,राजू छाबड़ा,अशोक शर्मा,राकेश चौहान,अशोक अरोड़ा,ललित अत्री,डॉ.घनश्याम शर्मा,सतीश कारसा,लवकेश शर्मा, जतिन शर्मा,विजय गुलाटी,सुरेन्द्र काठपाल,डा.प्रवीण शर्मा,अनिरुद्ध,साहिल शर्मा,नरेश सैनी बिशनगढ़,जतिन सैनी बिशनगढ़,शेर सिंह शेरा,कृष्ण कुमार, हिमांशुअंशु,अनमोल,गौरव, शंटी, अंशुमान, सर्वेश, शुभम,कपिल सोनी और राजीव बारना आदि शामिल रहे।

# यातायात नियमों का पालन करना सुरक्षित यात्रा का महत्वपूर्ण पहलू: एसपी वरूण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** थाना यातायात प्रभारी गुरनाम सिंह ने पुलिस अधीक्षक श्री वरूण सिंगला के दिशा निर्देश में आई.टी.आई. उमरी और भगवान परशुराम कालेज कुरूक्षेत्र में यातायात के नियमों का पालन करना क्यों है जरूरी व यातायात के नियमों का पालन न करने से आमजन को होने वाली हानि के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी शहर का यातायात व्यवस्था रह सके। इसके लिए यातायात नियमों का पालन करके सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना हम सभी का दायित्व है, क्योंकि छोटी सी भी गलती हो जाने से किसी भी प्रकार की दुर्घटना हो सकती है। यातायात के नियमों के पालन के अभाव में किसी की भी जान जा सकती है जिसका



खामियाजा परिवार के लोगों को भुगतना पड़ सकता है । इसके साथ ही यातायात के नियमों का पालन करने से ट्रैफिक जाम की समस्या से भी निजात पायी जा सकती है। अगर आप सुरक्षित रहना चाहते हैं तो सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है । विशेष कर मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करना चाहिए। थाना यातायात प्रभारी गुरनाम सिंह ने बताया कि सुरक्षित यात्रा के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात नियमों की पालना हेतु लगातार जागरूक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। वाहन चेकिंग का मुख्य उद्देश्य दोपहिया वाहन चालक हेलमेट पहनें। मार्गों पर वाहनों की गति को नियंत्रण में रखें। कभी ओवरटेक न करें। आंकड़े बताते हैं कि ज्यादातर दुर्घटनाएं तेज और अनियंत्रित रफ्तार के कारण ही होती हैं । यातायात नियमों का उल्लंघन भी इसमें एक बड़ा कारण है । यातायात के निदेशों का पालन करने से खुद भी सुरक्षित रहेंगे और दूसरो को भी सुरक्षित रख सकते हैं। जो चालक नियमों का पालन नहीं करते हैं, ऐसे लोगों पर कानूनी शिकंजा कसा जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### संतोष पांचाल की याद में संचालित चेतना सिलाई केंद्र में प्रसाद वितरित



**पानीपत, ( कमाल हुसैन ):** बरसत रोड स्थित न्यू विकास नगर में ऊंची दुनिया सेवा संस्थान द्वारा स्वर्गीय संतोष पांचाल की याद में संचालित चेतना सिलाई स्कूल में चेतना परिवार के संस्थापक एवं शिक्षाविद दीपचंद निमोर्ही ने सिलाई सीख रही बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियां अपने अंदर आत्मविश्वास को बढ़ाएं और कोई गलत काम ना करें न ही किसी से डरें। जो गलत काम करता है वही डरता है। उन्होंने कहा कि चेतना परिवार का मकसद केवल बेटियों को पढ़ाकर आत्मनिर्भर बनाना ही नहीं है बल्कि उन्हें अच्छे संस्कार देकर समाज में अलग पहचान दिलाना भी है। संस्थान के अध्यक्ष विनोद पांचाल ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बेटियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करके अपने पैरों पर खड़ा होना चाहिए। संस्थान के महासचिव मोहन लाल ने सभी बेटियों को प्रसाद वितरित किया। चेतन सिलाई स्कूल में बेटियों को प्रशिक्षण दे रही रजनी ने कहा कि वह प्रशिक्षण देने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। इस अवसर पर शालू , पूनम व वर्षा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रही।

### विश्वकर्मा मंदिर में तुलसी विवाह पर कार्यक्रम आयोजित



**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** हरि सिंह कॉलोनी स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में आज तुलसी विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मंदिर के पुजारी हेमंत शुक्ला ने तुलसी विवाह कथा का वर्णन विस्तार पूर्वक किया एवं मौजूद महिला श्रद्धालुओं से तुलसी पूजन करने का वर्णन करते हुए तुलसी पूजा की विधि बताई। इस अवसर पर राकेश शर्मा, केला,संतोष,बबीता,नीलम,सरोज,गायत्री देवी,तन्नू, कमलेश,कुसुम,उमा देवी,सुरेश,उषा व कविता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वहीं पंडित माधव राज ने तुलसी विवाह के सुंदर भजनों से संगत को निहाल किया।

### नैपकिन फैक्ट्री में अचानक लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के नमस्ते चौक से ब्रह्मानंद चौक की तरफ जाने वाली सडक पर नैपकिन बनाने वाली फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग लगने से आसपास के एरिया में अफरा तफरी मच गई। आग की लपटों ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। आगजनी की सूचना के बाद पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाडि?ां मौके पर पहुंची। आग इतनी भयंकर थी कि आग बुझाने में फायर कर्मचारियों के भी पसीने छूट गए। नैपकिन की फैक्ट्री में आगजनी की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी दो बार आग लग चुकी है, जिसमें पहले भी काफी नुकसान हुआ था। बताया जा रहा है कि जिस वक्त आग लगी, उस टाइम कोई भी व्यक्ति या कर्मचारी फैक्ट्री में मौजूद नहीं था। राहगीर प्रवीन कुमार, राममेहर, कृष्ण लाल व अन्य ने बताया कि हमने फैक्ट्री में आग लगी हुई देखी। आग बहुत ही ज्यादा भयानक लगी हुई थी। गनीमत रही कि फैक्ट्री में कोई कर्मचारी नहीं था। इआरवी इंचार्ज बलविंद्र ने बताया कि नैपकिन फैक्ट्री में आग लगने की जानकारी मिली थी। बताया जा रहा है कि पहले भी इस फैक्ट्री में आग लग चुकी है। फायर ब्रिगेड की गाडि?ां मौके पर बुला ली और कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है।

# नशे की गोलियां बेचने वाले दुकानदारों की खैर नहीं: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि अम्बाला के एक-एक अधिकारी को नशा मुक्त जिला बनाने का प्रयास करना होगा। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सबसे पहले दवाईयो की आड़ में नशे की गोलियां व अन्य पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों पर शिकंजा कसा जाए और नियमित रूप से दुकानों की चैकिंग की जाए, अगर किसी भी दुकान पर मापदंडो के विपरित नशे की दवाईयां और गोलियां पाई जाएं तो उस दुकानदार को नियमानुसार सील किया जाए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता उपायुक्त कार्यालय में जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की बैठक को सम्बोधित करने के दौरान बोल



रहें थे। इस पहले उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों से नशे पर रोक को लेकर किए जा रहे कार्यो बारे जानकारी ली और आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अम्बाला जिले में नशे के आदि लोगों का रिकार्ड एकत्रित करें ताकि इन लोगों को नशे की लत से छुटकारा दिलवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से प्रयास किए जाएं और इन लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक भी किया जाए।
उपायुक्त ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को सख्त आदेश देते हुए कहा कि अम्बाला जिला की सीमाओं पर नाकाबंदी कर समय-समय पर चैकिंग अभियान चलाया जाए ताकि नशे का कारोबार करने वाले लोगों को पकड़ा जा सके। इसके साथ ही मिलने वाली गुप्त सूचना के आधार पर नशे का कारोबार करने वाले लोगों पर दबिश दी जाए और उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जा सके। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजकीय स्कूलों के साथ-साथ निजी स्कूलों में भी जागरूकता शिविरों का आयोजन करके विषय विशेषज्ञों के माध्यम से युवा पीढी को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया जाए। इनता ही नहीं स्कूलों में नशे के दुष्प्रभावों को लेकर विभिन्न प्रकार प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाए और समय-समय पर प्रभात फेरियों के माध्यम से लोगो को जागरूक किया जाए। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त सचिन गुप्ता मौजूद रहे।छ

# परिवहन विभाग की हैप्पी कार्ड स्कीम लोगों में हो रही है लोकप्रिय

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में अंत्योदय परिवारों के लिए चलाई जा रही हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी कार्ड) का जिला के 82 हजार 43 नागरिक लाभ उठा रहे हैं। जिन परिवारों की आय एक लाख 80 हजार रूपए या इससे कम है, वह हैप्पी कार्ड बनवाने के लिए आवेदन कर सकता है। डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हैप्पी कार्ड स्कीम को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जून माह में प्रदेश के सभी जिलों में विधिवत रूप से आरंभ किया था। हरियाणा सरकार की इस योजना के अनुसार हैप्पी कार्डधारक नागरिक रोडवेज की बसों में हर साल एक हजार किलोमीटर तक निःशुल्क सफर कर सकता है। कार्ड का हर साल नवीनीकरण किया जाएगा। एटीएम की तरह नीले रंग का दिखाई देने वाला हैप्पी कार्ड बांटने के लिए परिवहन विभाग ने टीमें बनाई हुई हैं। डीसी ने बताया कि हैप्पी कार्ड बनवाने के लिए करीब 1 लाख 7 हजार लोगों ने आवेदन किया हुआ है। इनमें से 82043 को कार्ड दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जिन परिवारों की आय एक लाख 80 हजार रूपए या इससे कम हैं।

# बेरोजगार भत्ता प्राप्त करने के लिए 30 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत ( कमाल हुसैन )** जिला रोजगार अधिकारी डॉ. रितु चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही बेरोजगार भत्ता स्कीम के अंर्तगत बेरोजगार भत्ता प्राप्त करने के लिए 1 नवम्बर से 30 नवम्बर तक ऑनालाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय पानीपत में पंजीकृत प्रार्थी इस स्कीम के लिए सरल/एचआरईएक्सडॉटजीओवीडॉट इन पोर्टल के माध्यम से अपना ऑनलाईन पंजीकरण 30 नवम्बर 2024 तक रोजगार कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रार्थियों को रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हुए तीन वर्ष 31 अक्टुबर 2024 तक पूर्ण होने चाहिए व बेरोजगारी भत्ते में पंजीकरण केवल ऑनलाईन माध्यम से होगा और दस्तावेज कार्यालय में जमा करवाने होंगे।
उन्होंने बताया कि जो पात्र प्रार्थी पहले से बेरोजगारी भत्ता ले रहे हैं वे अपना स्वयं घोषित प्रमाण पत्र के साथ ऑनलाईन आवेदन करके अपना बेरोजगारी भत्ते का नवीनीकरण 30 नवम्बर 2024 तक करवा सकते हैं व उक्त योजना के नियम पोर्टल पर देंखे।
इसके अतिरिक्त अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय पानीपत में भी सम्पर्क किया जा सकता है।

# बाइक सवार बदमाशों ने दिन-दिहाड़े स्नोचिंग की वारदात को दिया अंजाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के कस्बा निगदू के नजदीक दिन-दिहाड़े स्नेचिंग की वारदात हुई है, जिसमें दो बाइक सवार बदमाशों ने बुजुर्ग बाइक चालक को निशाना बनाया और उसकी जेब फाडकर 40 हजार रुपए की नकदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित अपने गांव से निगदू जा रहा था। रास्ते में अमृत पैलेस के नजदीक युवकों ने स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों को चेक किया तो उसमें दो बदमाश बाइक पर



नजर आए, जिन्होंने मुंह बांधा हुआ था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बुढेड़ा निवासी 70 वर्षीय धर्म सिंह दूध बेचने का काम करता है। 12 नवंबर को वह अपनी बाइक से अपने खेतों की तरफ जा रहा था। निगदू की तरफ जाते हुए शाम को जब वह अमृत पैलेस के पास पहुंचा तो पीछे से एक बिना नंबर प्लेट वाली बाइक आई, जिस पर दो युवक सवार थे। धर्म सिंह ने बताया कि युवकों ने अपनी बाइक उसकी बाइक की साइड में लगा ली। तभी बाइक चालक ने मेरी बाइक की चाबी निकाल दी। पीछे बैठे युवक ने मेरे कुर्ते की बगल वाली जेब खींच कर फाड़ दी। जेब में 40 हजार रुपए की नकदी थी। इसके साथ ही एक महत्वपूर्ण कॉपी भी थी।

# खिलाड़ियों के लिए नकद ईनाम के आवेदन पत्र आमंत्रित

**पानीपत:** जिला खेल अधिकारी धुरेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 अप्रैल 2024 तथा इसके बाद की खले उपलब्धियों के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए नकद ईनाम के आवेदन पत्र ऑनलाईन आमंत्रित किए गए हैं।
उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल 2024 के पश्चात पदक प्राप्त करने वाले समस्त अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने वाले पात्र खिलाड़ी विभागीय पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन जमा करने की कोई तिथि निर्धारित नही है।

# कार्यों को लेकर की गई समीक्षा: अशोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जिसमें बारिश का पानी संजोए रखने के लिए तरह-तरह के प्रयास किए जा रहे है। जिनमें जल शक्ति अभियान के तहत जल शक्ति मंत्रालय द्वारा हर वर्ष बारिश का पानी बचाने और सुनियोजित ढंग से सहेजने पर बल दिया जाता है। इस वर्ष केंद्र सरकार की तरफ से जल शक्ति अभियान के तहत नारी शक्ति से जल शक्ति थीम के अंतर्गत बारिश का पानी उचित प्रकार से स्टोर करने और वाटर टेबल को रिचार्ज करने के लिए सही प्रकार से सहेज जाए इसके लिए प्रशासन द्वारा पहले से ही कमर कसी जा



चुकी है।
बुधवार को जिला स्तर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार मुंजाल द्वारा जिला के समस्त संबंधित अधिकारियों की एक विस्तृत बैठक ली गई। इस बैठक में जल संरक्षण एवं जल शक्ति अभियान के तहत किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। सीईओ द्वारा सभी संबंधित विभागों को इस वर्ष किए जाने वाले कार्यों के लक्ष्य दिए गए जिसमें मुख्यतः सिंचाई विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नेहरू युवा केंद्र, बागवानी, वन विभाग आदि विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई एवं दिए गए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक्शन प्लान बताया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के आदेश पर अब सभी जल संरचनाओं की जियो टैगिंग करना अनिवार्य है। जिसके लिए जल शक्ति अभियान के तहत एक विशेष मोबाइल ऐप लॉन्च की गई है। जिससे सभी जल संरचनाओं की जियो टैगिंग की जाएगी।

**बैठक**

**केंद्र की योजना जिसमें बारिश का पानी संजोए रखने के लिए तरह-तरह के प्रयास किए जा रहे है**

# स्क्रैप व्यापारी ने गोदाम में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पिंगली चौक पर स्क्रैप व्यापारी ने अपने ही गोदाम में पऊांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। व्यक्ति सुबह चार बजे अंबाला से गोदाम पर लौटा था। उसने नौकर से अपने कमरे में सो जाने के लिए कहा। उसके बाद गोदाम मालिक ने सुसाइड कर लिया। सुसाइड के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।
मृतक की पहचान करनाल के रामनगर निवासी 35 वर्षीय रजत उर्फ हन्नी नंदा के रूप में हुई है। वह लगभग 15 साल से स्क्रैप का काम करता था और उसने अपने प्लॉट को ही गोदाम बनाया हुआ था। वह रात को अंबाला में किसी काम से गया हुआ था और करीब चार-पांच बजे वापस लौटा। उसके नौकर ने गोदाम का दरवाजा खोला था। नौकर कृष्ण ने बताया कि हन्नी साहब ने कॉल किया था और मुझे गेट खोलने के लिए कहा था। मैंने गेट खोल दिया था। साहब फ्रेश होने के लिए चले गए थे और मैं अपना काम करने लग गया था। तभी मालिक ने मुझे बुलाया और कहा कि तू सो जा, क्योंकि तेरे काम करने की वजह से मुझे डिस्टर्ब होगा। इसके बाद मैंने काम बंद कर दिया था और मैं लेट गया था। बाद में जब मैं बाहर आया तो साहब ने फांसी लगाई हुई थी।

# 9वें अंतर्राष्ट्रीय गीता सम्मेलन का आयोजन 5 से 7 दिसम्बर तक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** गीता जयंती समारोह के अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड (केडीबी) के सहयोग से 5 से 7 दिसंबर, 2024 तक श्रीमद्भगवद् गीता आधारित संतुलित प्रकृति - शुद्ध पर्यावरण विषय पर 9वां अंतर्राष्ट्रीय गीता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 5 से 7 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय गीता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बुधवार को



कुवि के फैकल्टी लॉज में बैठक का आयोजन किया गया।
कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय गीता सम्मेलन में देश-विदेश के गीता प्रेमी, विद्वान, गणमान्य अतिथि व अनेक देशों के प्रतिनिधि भागीदारी करेंगे व श्रीमद्भगवद् गीता आधारित संतुलित प्रकृति - शुद्ध पर्यावरण विषय पर चर्चा करेंगे। इस सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है जो सम्मेलन की पूरी व्यवस्था देखेंगे। सम्मेलन में मेहमानों के स्वागत, रहने खाने व ठहरने सहित अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए तैयारियां की जा रही हैं ताकि मेहमानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। अंतर्राष्ट्रीय गीता सम्मेलन के निदेशक प्रो. तेजेन्द्र शर्मा ने बताया कि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा इस सम्मेलन के सलाहकार हैं तथा प्रो. वनिता ढींगरा, उपनिदेशक, प्रो. विवेक चावला आयोजन सचिव व डॉ. सलोनी पवन दिवान संयुक्त सचिव होंगी।
प्रो. तेजेन्द्र शर्मा ने बताया कि सम्मेलन के लिए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार अतिरिक्त प्लेनरी सत्र कमेटी, तकनीकी सत्रों के लिए कमेटी, पोस्टर प्रस्तुति, पर्चेज कमेटी, वेबसाइट कमेटी, फोटोग्राफी कमेटी, पब्लिकेशन एवं प्रिटिंग कमेटी, किट तथा मोमेंटो कमेटी,

**चर्चा**

**श्रीमद्भगवद् गीता आधारित संतुलित प्रकृति-शुद्ध पर्यावरण विषय पर चर्चा करेंगे**

# यूथ रेड क्रॉस कैंप के तीसरे दिन स्वयं सेवको ने चलाया सफाई अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस, यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट यूनिट द्वारा कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निर्देशन एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर एआर चौधरी के मार्गदर्शन में डलहौजी (हिमाचल प्रदेश) के यूथ हॉस्टल में पाँच दिवसीय यूथ रेड क्रॉस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के तीसरे दिन यूथ रेड क्रॉस काउंसलर डॉ. जतिन कालोन द्वारा यूथ रेड क्रॉस स्वयं सेवकों को सतत विकास एवं प्लास्टिक




के सही उपयोग तथा स्वयंसेवक पपिंदर सिंह ने रेड क्रॉस की उत्पत्ति के बारे में विस्तार से बताया। प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण एक्सपर्ट ऋतु भारद्वाज ने स्वयं सेवकों को ब्लीडिंग रोकने के तरीके, लिफ्टिंग विधियाँ, फ्रैक्चर एवं होम नर्सिंग की प्राथमिक चिकित्सा के बारे में बताया। दोपहर मे कैंप टीम ने डलहौजी नगर निगम, हिल्दारी एवं कुवि यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वाधान में डलहौजी के यूथ हॉस्टल से लेकर बस स्टैंड तक सफाई अभियान चलाया। सांय के समय में स्वयंसेवको के लिए डांस, मोनो एक्टिंग, क्विज जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई गयी।

# आजादपुर मंडीः धूमधाम से मनाया गया राजू कोहली का जन्मदिन








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** आजादपुर मंडी में राजू कोहली का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। आपको बातदें कि सुबह से ही राजू कोहली को जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। जहां एक ओर लोगों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी, वहीं उनकी दीघार्यु और उज्जवल भविष्य की भी कामना की। आपको यह भी बतादें कि राजू कोहली एपीएमसी, एमएनआई दिल्ली सरकार के मैम्बर, चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष, आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसायटी के प्रधान और आरडब्ल्यूए जनकल्याण समिति के अध्यक्ष होने के साथ कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं में अहम भूमिका निभा रहे है।

एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर मंडी में ग्रीन कोकोनट ट्रेडर्स एसोसिएशन, तरबूज ट्रेडर्स एसोसिएशन, चेंबर आफ यूथ एसोसिएशन और सरदा ट्रेडर्स एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से राजू कोहली का जन्मदिन मनाया और यहां पर मौजूद सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। बधाई देने वालो में मुख्य रूप से खरबूजा ट्रेडर्स एसोसिएशन, पपीता ट्रेडर्स एसोसिएशन, अरबी ट्रेडर्स एसोसिएशन, मौसमी ट्रेडर्स एसोसिएशन, औरेंज ट्रेडर्स एसोसिएशन, खीरा ट्रेडर्स एसोसिएशन, इम्पोटेंट वेजीटेबल ट्रेडर्स एसोसिएशन, आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसायटी, आरडब्ल्यूए जनकल्याण समिति, आरडब्ल्यूए आदर्श नगर, सिंगाडा ट्रेडर्स एसोसिएशन, तरबूज-खरबूजा और सरदा ट्रेडर्स एसोसिएशन, गाजर ट्रेडर्स एसोसिएशन, ग्रीन वेजीटेबल एसोसिएशन, नवयुवक मित्र मंडल मजलिस पार्क के पदाधिकारियों सहित आजादपुर मंडी के आडती, माशाखोर और पल्लेदार भाईयों ने उन्हें बधाई दी और उनकी दीघार्यु की कामना की। इस दौरान शमीम अहमद और ठाकुर दुष्यंत सिंह ने आयोजन के अंदर पूरा सहयोग किया।

**आजादपुर मंडी में मजदूरों व माशाखोरों ने भी मनाया राजू कोहली का जन्मदिनः** आजादपुर मंडी में अदरक मंडी चार नम्बर-शैड में बड़े ही धूमधाम से मजदूरों, माशाखोरों और पल्लेदार भाईयों ने राजू कोहली का जन्मदिन मनाया। पूरी शैड को गुब्बारों से सजाया गया था और वहां पर पहुंचने पर राजू कोहली का मजदूरों, माशाखोरों और पल्लेदार भाईयों ने भव्य रूप में स्वागत किया और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर जय सिंह, गौरी शंकर, पवन, राजेश, ठाकुर, पाठक, पवन, बुद्धिराम, गुड्डू चौरसिया एवं चौरसिया समाज, रोहित भाई सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर राजू कोहली ने कहा कि जिन लोगों ने भी मेरे जन्मदिन पर इतने भव्य कार्यक्रम आयोजित किये और मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उन सभी का धन्यवाद करता हूं।









## बुराड़ीः कांग्रेस और आम आदमी पार्टी देश के लिए श्रापः कृष्ण पाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** धरातल पर बदलाव लाने के लिए राजनीति सबसे सशक्त माध्यम है। राजनीति के माध्यम से हम समाज के दबे-कुचले लोगों और उपेक्षित समुदायों को ऊपर उठाते हुए सामाजिक-आर्थिक विषमताओं को दूर करने का भरसक प्रयास कर सकते हैं।
एक व्यापक बदलाव लाने का जो कार्य, बड़े से बड़े वेतन वाली प्रतिष्ठित नौकरी करके भी नहीं किया जा सकता है, उसे राजनीति के माध्यम से आसानी से किया जा सकता है। इसी सिद्धांत पर चलते हुए भाजपा ने आरंभ से ही राजनीति को सत्ता की बजाय सेवा



का माध्यम माना है। उक्त बातें बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित संत नगर में रहने वाले व संत नगर वार्ड नंबर-9 के मंडल अध्यक्ष कृष्णपाल ने कही।

**आप, कांग्रेस ने राजनीति को बनाया कमाई का जरियाः** आजादी के बाद के लंबे समय तक भारतीय राजनीति में कांग्रेस ने परिवारवाद की राजनीति कर कमाई का जरिया बनाया, तो वहीं दिल्ली में आम आदमी पार्टी की केजरीवाल सरकार के आने के बाद से ही दिल्ली का बेडागर्क कर सेवा भाव को नदी के जलधारा में प्रवाहित कर दिया।
कृष्णपाल ने कहा कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में पूर्ण बहुमत की एनडीए सरकार का गठन हुआ, तब से तस्वीर में बदलाव आया है। पिछले दस वर्षों में आम आदमी पार्टी ने दिल्ली को नर्क की गर्क में धकेलकर जनता के पैसों से मलाई खा रहे है और जनता भूख से त्रस्त है।


## वजीरपुर क्षेत्र में पहुंची दिल्ली न्याय यात्रा, लोगों ने किया स्वागत





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा दिल्ली में दिल्ली न्याय यात्रा निकाली जा रही है। वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली न्याय यात्रा पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने इस यात्रा का भव्य रूप में स्वागत किया। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता सहित कई कार्यकर्ताओं व स्थानीय निवासियों ने प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव का भव्य रूप में स्वागत किया और लोगों ने क्षेत्र की समस्याएं भी बताई। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में बदलाव लाने, भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ दिल्लीवालों को न्याय दिलाने के लिए सभी 70 विधानसभाओं में जाने वाली दिल्ली न्याय यात्रा को जनता का भरपूर समर्थन और सम्मान मिल रहा है।
यात्रा के दौरान हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ दिल्लीवालों की उमड़ती भीड़ के आगे बढ़ते हर कदम में कांग्रेस के प्रति विश्वास, उम्मीद दिखाई दे रही है जो भाजपा और आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ न्याय और सत्य की लड़ाई के इस अभियान में दिल्ली को भ्रष्टाचारी अरविन्द केजरीवाल मुक्त बनाने में अधिक सशक्त साबित होगी।
इस मौके पर पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता ने कहा कि जहां पर भी दिल्ली न्याय यात्रा पहुंच रही है, वहां की जनता यात्रा का भव्य रूप में स्वागत कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली की जनता भाजपा व आम आदमी पार्टी के कार्यों से खुश नहीं है और कांग्रेस को शासन में देखना चाहती है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## लोकतंत्र सेनानी संघ जंतर मंतर पर देगी धरना, सौंपा ज्ञापन


**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** 25 जून 1975 को कांग्रेस की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा घोषित किए गए आपातकाल को याद करते करते हुए सविधान दिवस के मौके पर लोकतंत्र सेनानी संघ जंतर मंतर पर कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोलेगी। जिसको लेकर लोकतंत्र सेनानी संघ दिल्ली प्रदेश की कार्यकारिणी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओ पी बब्बर के नेतृत्व में सांसद मनोज तिवारी को ज्ञापन सौंपा।
इस दौरान उनके साथ लोकतंत्र प्रहरी संघ दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हरीश असडी, लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा, मध्य प्रदेश के महामंत्री सुरेन्द्र द्विवेदी, राजकुमार सपडा महामंत्री दिल्ली प्रदेश लोकतंत्र सेनानी संघ सहित कईपदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर ओपी बब्बर ने कहा कि 25 जून, 1975 वह दिन था जब आपातकाल लगाने के कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक रूप से प्रेरित फैसले ने देश के लोकतंत्र के स्तंभों को हिला दिया था और संविधान को कुचलने की कोशिश की थी।
उन्होंने कहा कि आज हम देश के उन महान नायकों के बलिदान को याद करते हैं जो आपातकाल के दौरान बहादुरी से लोकतंत्र के संरक्षक के रूप में खड़े रहे।
इस दौरान हरीश असडी ने कहा कि 26 नवंबर को कांग्रेस के खिलाफ जंतर मंतर से लेकर कांग्रेस मुख्यालय तक मार्च निकाला जाएगा, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है कि उनकी पार्टी उस परंपरा से है जिसने आपातकाल का डटकर विरोध किया और लोकतंत्र की रक्षा के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि सविधान की हत्या करने वाली कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए।

## मुकुंदपुर वासियों को नए वर्ष से पहले मिलेगी सौगातः राठौर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र राजधानी दिल्ली का एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जहां के लोग सालों से बुनियादी सुविधाओं को लेकर त्रस्त है। तो वहीं बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 के लोगों को कुछ हद तक राहत मिलेगी। चूंकि वार्ड स्थित जनता विहार चौक से लेकर सुरत विहार तक सड़क निर्माण के लिए वर्क आर्डर कर दिया गया है।

**2 करोड़ की लागत से होगा निर्माणः** उल्लेखनीय है कि उत्तर पश्चिमी लोकसभा क्षेत्र से सांसद मनोज तिवारी द्वारा मुकुंदपुर के लोगों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण के लिए



फंड जारी कर मुकुंदपुर से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर को सौप दिया गया। पार्षद राठौर ने बताया कि लगभग दस दिनों के भीतर जनता विहार चौक से लेकर सुरत विहार तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा, जिसके लिए वर्क आर्डर भी करवा दिया गया है।

## श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बताई गई सभी बातों को अपने जीवन में अवश्य ही उतारना चाहिएः गौरी शंकर





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके के ई ब्लॉक में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान वर्षा से पहले भव्य रूप में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा श्री जय दुर्गा मंदिर जहांगीरपुरी से आरंभ हुई और क्षेत्र के कई इलाकों से होते हुए कथा स्थल पर आकर संपन्न हुई। कलश यात्रा का जगह-जगह भक्तों के द्वारा भव्य रूप में स्वागत भी किया गया। इस मौके पर छोटे लाल और गौरी शंकर माहौर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कथा श्री जय दुर्गा मंदिर समिति के द्वारा आयोजित की जा रही है। इसमें बहुताय की संख्या में भक्तो ने आज भाग लिया है। कथा का आयोजन श्री दुर्गा मंदिर ई ब्लॉक जहांगीर पुरी में किया जा रहा है। इस मौके पर कथावाचक पंडित श्री बाबूलाल जी ने बताया कि हम सभी को कथा का श्रवण ध्यानपूर्वक करना चाहिए और कथा में बताई गई बातों को जीवन में उतरना चाहिए। इस मौके पर छोटेलाल, रामेश्वर, राम खिलाड़ी, गौरी शंकर माहौर, बलदेव बोहरा, दिसंबर, बंगाली बाबू, किशोरी लाल, बृजमोहन, इंद्र कुमार, विजय बंगाली, महेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, विनोद लखिया व अन्य मौजूद रहे।

## प्रभु सभी के जीवन में अपार खुशियां लायेः माहौर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भागवत कथा सुनने से भक्ति बढ़ती है और भगवान के प्रति आस्था गहरी होती है और साथ ही भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और उनके जीवन से नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा मिलती है। इसलिए सभी को ध्यान पूर्वक कथा का श्रवण करना चाहिए। उक्त बातें गौरी शंकर माहौर ने कही। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने से जन्म जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं और



आध्यात्मिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि सभी को सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, वह एक दिन अवश्य ही सफल होता है। इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। श्री माहौर ने कहा कि जहां पर भी कथा का आयोजन हो रहा हो, वहां पर समय निकालकर अवश्य ही जाना चाहिए।

# मथुरा रिफाइनरी हादसे में झुलसे सभी व्यक्तियों की हालत स्थिर

## रिफाइनरी की आंतरिक अग्नि एवं सुरक्षा टीम की मदद से आग को तुरंत बुझा दिया गया

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। मंगलवार** को लगभग शाम सात बजे मथुरा रिफाइनरी के नियोजित शटडाउन के बाद क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट के स्टार्टअप के दौरान मामूली आग लग गई। रिफाइनरी की आंतरिक अग्नि एवं सुरक्षा टीम की मदद से आग को तुरंत बुझा दिया गया और रिफाइनरी परिचालन अप्रभावित रहा। घटना के परिणामस्वरूप आठ कर्मी सतही रूप से झुलस गए। घायलों में से तीन को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि अन्य को स्थानीय स्तर पर चिकित्सा



देखभाल मिल रही थी। संयंत्र और मशीनरी को कोई नुकसान नहीं हुआ है और रिफाइनरी गतिविधियां सामान्य रूप से जारी हैं। घटना का कारण निर्धारित करने के लिए गहन

> प्रथम दृष्टया, आग लगने का कारण सीडीयू कॉलम में नॉन रिटर्न वाल्व (एनआरवी) की खराबी के कारण प्रतीत होता है, जिसके कारण हाइड्रोकार्बन भाप के साथ मिल गया। जिससे अचानक आग लग गई। घायल व्यक्ति आसपास के क्षेत्र में काम कर रहे थे और अचानक लगी आग से प्रभावित हुए।
> **-रेनू पाठक, वरिष्ठ प्रबंधक मथुरा रिफाइनरी**

जांच की जा रही है। इंडियनऑयल सुरक्षा के उच्चतम मानकों के प्रति प्रतिबद्ध है। सभी घायल व्यक्तियों की हालत स्थिर है और उनकी रिकवरी पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। फिलहाल, अपोलो अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों की हालत स्थिर है और वे ठीक हो रहे हैं। मथुरा रिफाइनरी अस्पताल में भर्ती अन्य लोगों की हालत स्थिर है। ठीक होने के बाद एक मरीज को छुट्टी दे दी गई है और एक को जल्द छुट्टी दे दी जाएगी। तीन मरीजों को बेहतर निगरानी और उपचार के लिए मेट्रो अस्पताल, फरीदाबाद में स्थानांतरित कर दिया गया है।

# पांच के खिलाफ चौथ वसूली का मुकदमा दर्ज, जैंत थाने में दर्ज कराई है रिजॉर्ट चालक ने रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः थाना जैंत** में पांच नामजद लोगों के खिलाफ चौथ वसूली में मुकदमा दर्ज हुआ है। रिजॉर्ट के चेयरमैन ने नामजद व अज्ञात के खिलाफ चौथ वसूली को लेकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सामलिया एग्रो रिजॉर्ट के चेयरमैन यशवीर सिंह ने थाना जैंत क्षेत्र के गांव भरतिया निवासी जसवंत सिंह, जुगल किशोर, जॉनी, केहरी सिंह, योगेंद्र सिंह पुत्र नवल सिंह के खिलाफ चौथ वसूली सहित पांच धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया है। यशवीर सिंह ने बताया कि आरोपित बहुत समय से चौथ मांगते चले आ रहे हैं। बीच में आरोपितों ने चौथ लेने के लिए रिजॉर्ट की बाउंड्री का कार्य रुकवा




दिया। जिस पर पीड़ित ने दो लाख रुपये चौथ के रूप में दे दिए। उसके बाद भी आरोपी चौथ की मांग करते हुए चले आ रहे हैं। न देने पर आरोपियों ने अंधेरे का फायदा उठाकर उनके रिजॉर्ट की दीवार को तोड़ दिया। थाना प्रभारी जैंत अश्वनी कुमार ने बताया पांच नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की पकड़ के लिए दबिश दी जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### पीटर इंग्लैंड के द बॉलीवुड वेडिंग कलेक्शन को करण जौहर ने किया लॉन्च

**नोएडाः** आदित्य बिड़ला फैशन और रिटेल के प्रमुख मेंसवियर ब्रांड्स में से एक पीटर इंग्लैंड ने अपना बॉलीवुड-प्रेरित वेडिंग कलेक्शन का पेश किया है, जिसे फेमस इंडियन डायरेक्टर और बॉलीवुड आइकन करण जौहर ने लॉन्च किया। पारंपरिक और आधुनिक शैलियों का एक विविध मिश्रण प्रस्तुत करने वाला यह अनोखा कलेक्शन बॉलीवुड के ग्लैमर और आकर्षण को प्रतिबिंबित करने के लिए डिजाइन किया गया है। चाहे दूल्हे को एक शानदार पोशाक चाहिए हो या मेहमानों को एक क्लासिक लुक, पीटर इंग्लैंड की नई लाइन सभी के लिए कुछ न कुछ पेश करती है। पीटर इंग्लैंड के सीसीओ अनिल एस कुमार ने इस शानदार कलेक्शन के पीछे की सोच साझा करते हुए कहा, पीटर इंग्लैंड का उद्देश्य दूल्हों और उनके दोस्तों को हर शादी में बॉलीवुड फिल्मों के नायकों की तरह केंद्र में लाना है। ह्यबॉलीवुड वेडिंग कलेक्शनह्न के साथ हमने इंटरनेशनल ट्रेंड्स, हाई क्वालिटी फैब्रिक्स, और बॉलीवुड के मैजिक का एक परफेक्ट बैलेंस बनाया है। सुपरस्टार शादियों की भव्यता से प्रेरित इस कलेक्शन का उद्देश्य हर व्यक्ति को अपने खुद के ब्लॉकबस्टर का हीरो बनने के लिए प्रेरित करना है। समृद्ध वेलवेट और शानदार जेक्वार्ड जैसे फैब्रिक्स के साथ, पीटर इंग्लैंड सुनिश्चित करता है कि हर दूल्हा और दूल्हे के दोस्त अपने खास दिन पर एक सुपरस्टार की तरह महसूस करें। हर पोशाक पर बारीक कढ़ाई और सजावट का काम किया गया है, जो इसे एक शाही लुक देने के साथ-साथ आधुनिक ज्योमैट्रिक पैटर्न को पारंपरिक पैस्ले और फूलों के डिजाइनों के साथ मिलाता है। इस कलेक्शन में रंगों का शानदार संयोजन है, जिसमें रॉयल ब्लू, मरून, और पन्ना हरे जैसे ज्वेल टोन शामिल हैं, साथ ही क्लासिक काले और बेज रंग भी हैं, जो हर स्वाद के लिए उपयुक्त हैं। इस कलेक्शन में दो-पीस सूट, एलिगेंट थ्री-पीस सूट, वेलवेट बॉम्बर जैकेट्स, क्लासिक बंदगला और आधुनिक एब्स्ट्रैक्ट शर्ट शामिल हैं, जिससे यह किसी भी फेस्टिव अवसर के लिए एकदम सही विकल्प बन जाता है।

करण जौहर ने लॉन्च के दौरान उत्साहपूर्वक कहा, जब मुझे पता चला कि पीटर इंग्लैंड एक बॉलीवुड-प्रेरित कलेक्शन ला रहा है, तो मैं क्यूरियस हो गया। मुझे इस लॉन्च का हिस्सा बनकर बहुत खुशी हो रही है।

यह कलेक्शन 150 से अधिक स्टोर्स और वेबसाइट पर उपलब्ध है, जो देश भर के 25000 पिन कोड्स तक डिलीवरी प्रदान करता है।

### बिजली कनेक्शन के लिए भटक रही महिला

**मथुरा।**

**विद्युत** विभाग लगातार दावा कर रहा है उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान त्वरित गति से किया जा रहा है। विद्युत कनेक्शन लेने की प्रक्रिया को भी आसन बनाया गया है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा दी गई है। इसके पीछे दावा किया जा रहा है कि विद्युत कनेक्शन लेने के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पडेंगे। वहीं विद्युत कनेक्शन के लिए भटक रहे लोगों का अनुभव इसके उलट है। गुडिया पत्नी कुमर सेन निवासी आरके पुरम कॉलोनी फेज टू मौजा महोली मथुरा विगत कई दिनों से विद्युत विभाग के अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। गुडिया ने 16 सितम्बर को ऑनलाइन एप्लीकेशन लगाई थी। स्टीमेट नियमानुसार 35 रुपये प्रति वर्ग फुट के हिसाब से 37 हजार रुपये का बना। इसके बाद एफिडेविट की मांग की गई। गुड़िया ने एफिडेविट भी लगा दिया। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी संतुष्ट नहीं हुए। बुधवार को एक बार फिर वह अधिषासी अभियंता से मिलीं, कनेक्शन नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई।

### गुमशुदा नाबालिग बच्चे को सकुशल बरामद किया

**मथुरा।** थाना बरसाना पुलिस ने थाना कोटडी जिला प्रतापगढ़ राजस्थान से गुमशुदा नाबालिग बच्चे को सकुशल बरामद कर परिवारीजनो के सुपुर्द कर दिया। प्रभारी निरीक्षक थाना कोटडी जिला प्रतापगढ़ राजस्थान द्वारा थाना बरसाना प्रभारी बरसाना को सूचना दी गयी कि 10 नवम्बर की रात्रि समय करीब 22 बजे एक नाबालिग बच्चा घर से बिना बताए कहीं चला गया है। जिसके सम्बन्ध में गुमशुदा बच्चे के पिता श्यामलाल द्वारा थाना कोटडी पर पंजीकृत किया गया है। गुमशुदा के मोबाइल की लोकेशन थाना बरसाना क्षेत्र की आ रही है।

### बाल दिवस समारोह 14 नवंबर से 24 नवंबर तक

**मथुरा।** बाल शिक्षा प्रबंधन समिति हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल दिवस समारोह 14 नवंबर से 24 नवंबर तक चित्रकूट मसानी पर आयोजित कर रही है इस वर्ष 14 नवंबर को एक रैली का आयोजन के .आर .इंटर कॉलेज से भरतपुर रोड, होली गेट ,विकास बाजार से होती हुई भगत सिंह पार्क पर समाप्त होगी। इस बाल अधिकार रैली को माननीय तेजवीर राज्यसभा सांसद द्वारा प्रारंभ किया जाएगा। इन आयोजन की श्रृंखला में 17 नवंबर को होली एंजेल पब्लिक स्कूल गोवर्धन चौराहा पर अनेक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सामान्य ज्ञान चित्रकला सुलेख पोस्टर मेकिंग निबंध प्रतियोगिताओं को आयोजित किया जा रहा है।

# गैंगलैंड गैंग के साथ दो मुठभेड़, चार सदस्य गिरफ्तार

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। पुलिस** ने गैंगलैंड गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। दो सदस्यों को अलग अलग हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है। घायलों को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पतला में भर्ती कराया है। थाना हाईवे पुलिस ने 12 नवम्बर की रात्रि में तोमर गेस्ट हाउस कृष्णा नगर के पास फायरिंग की घटना में शामिल अभियुक्त सोमेश पुत्र प्रेम सिंह निवासी जन्मभूमि लिंक रोड लक्ष्मीनगर कोतवाली मथुरा के साथ थाना हाईवे क्षेत्रान्तर्गत सौंख रोड नवगांव रोड पर मुठभेड हुई। बाजना अलवर



पुल के पास कच्चे रास्ते से पुलिस मुठभेड़ के के बाद पुलिस ने हरिओम पुत्र रामअवतार निवासी ओमनगर थाना कोतवाली जनपद मथुरा को गिरफ्तार किया गया। हरिओम पुलिस को गोली लगने से घायल हुआ है। इसके कब्जे से एक तमंचा, तीन जिंदा कारतूस, तीन खोखा कारतूस व एक चोरी की मोटर साइकिल स्प्लेन्डर प्लस बरामद हुई है। हरिओम ने ओमनगर, जन्मभूमि लिंक रोड़ पर अवैध असलाहों से जनता के व्यक्तियों को रोककर लूटपाट करने का प्रयास किया गया था। गैंग से जुड़े तीसरे अभियुक्त राहुल पुत्र चन्द्र प्रकाश निवासी विकासनगर कुसुम वाटिका गेट के सामने थाना हाईवे जिला मथुरा को थाना शहर कोतवाली पुलिस ने डेम्पियर पार्क गेट के पास से एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया। थाना कोतवाली पुलिस ने ही चौथे अभियुक्त को दबोचा है। एनएच 19 सर्विस रोड आगरा से दिल्ली की तरफ राजीव गांधी नगर के पास लोहे के पुल के पास से मोर मुकुट पुत्र रामबाबू निवासी गांधीनगर कृष्णा नगर थाना गोविन्दनगर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 250 ग्राम नशीला पाउडर (डायजापाम) बरामद किया गया है।

# 24 घंटे में अपहृत बरामद, अपहरणकर्ता बेसुराग

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। जैंत क्षेत्र** से मंगलवार की सुबह अपहत व्यक्ति को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर बरामद कर लिया। राल में भरत ढाबा पर सुम्मेर सिंह पुत्र स्व. दीपा सिंह निवासी थोक भोज राल चाय पी रहे थे। तभी एक वैन में सवार नकाबपोश हथियारबंद बदमाश आये और फायरिंग करते हुए सुम्मेर सिंह को गाडी में डाल कर ले गये। दिनदहाड़े हुए व्यक्ति के अपहरण की सूचना से हड़कंप मच गया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसके बाद पुलिस ने अपहत



व्यक्ति की बरामदगी के प्रयास तेज कर दिये। सूचना के आधार पर थाना जैंत पर धारा 140(1), 125 भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत पंजीकृत किया। थाना जैत पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अपहत व्यक्ति सुम्मेर सिंह उपरोक्त को रेलवे स्टेशन कोसीकलां प्लेटफार्म नंबर दो से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। जिसे अपहत के परिवारजनों द्वारा पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार थाना जैत, वरि. उपनिरीक्षक महावीर सिंह थाना जैत, एसआई मोमराज सिंह थाना जैत, एसआई नरेश कुमार थाना जैत, एसआई जय सिंह थाना जैत, एसआई अमित कुमार राय थाना जैत, एसआई पवन कुमार थाना जैत आदि थे।

### सपा हारने की स्क्रिप्ट तैयार कर रही : केशव प्रसाद मौर्य

**कानपुर देहातः** जनपद के मूसानगर में बुधवार को उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहां पर उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कहा कि भाजपा के लोग हर फैसले का सम्मान करते हैं। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को मूसानगर स्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होने पहुंचे थे। यहां पर कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जब वह वहां से जाने लगे तो मीडिया से बात करते हुए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा बुल्डोजर पर सुनाए गए फैसले पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी न्यायालय के फैसले का सम्मान करती है।

# लम्बित जांच पर हाईकोर्ट नाराज, डीजीपी से मांगा जवाब



**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की ओर से की जा रही कई मामलों की जांच में देरी पर नाराजगी जताई है। न्यायालय ने पाया कि ईओडब्ल्यू की ओर से जांच मामलों को वर्षों तक लम्बित रखा जाता है। न्यायालय ने महानिदेशक ईओडब्ल्यू (प्रशांत कुमार-1) को 16 दिसम्बर तक अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। कहा है कि बताएं शाखा जांच में क्यों पिछड़ रही हैं। साथ ही इसके कारण, जिम्मेदार व्यक्तियों तथा जांच के शीघ्र निपटारे के लिए उठाए गए कदमों के बारे में भी पूछा है। कोर्ट ने यूपी डीजीपी से भी जवाब मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल की पीठ ने मोहम्मद हारुन की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। मोहम्मद हारुन पर 2019 में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मेरठ में कार्रवाई की गई। आरोपित ने अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि मामले की जांच लम्बे समय से लम्बित है। एक अन्य पीठ ने जांच अधिकारी को केस डायरी के साथ तलब किया और निर्देश दिया कि उसका आदेश उत्तर प्रदेश के डीजीपी को सूचित किया जाए। इस वर्ष मार्च में न्यायालय ने राज्य को इस मामले में जवाबी हलफनामा दायर करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया था। न्यायमूर्ति समित गोपाल की बेंच के सामने यह मामला सुनवाई के लिए आया तो उन्होंने पाया कि राज्य सरकार ने अभी तक कोई जवाब दाखिल नहीं किया है। राज्य के वकील को भी यूपी डीजीपी के कार्यालय से कोई जवाब नहीं मिला। न्यायालय ने पाया कि आर्थिक अपराध शाखा में जांच वर्षों तक लम्बित रहती है। इस कारण हाईकोर्ट ने यूपी डीजीपी से भी हलफनामा मांगा है। सुनवाई के लिए 16 दिसम्बर की तिथि नियत की है।

# हादसे में पहलवान की मौत, तीन घायल

## राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर अज्ञात वाहन ने कार को मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः मंगलवार** की देर रात्रि शादी समारोह से वापस घर लौट रहे दोस्तों की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार को अज्ञात वाहन ने राष्ट्रीय राजमार्ग 19 स्थित गांव सेमरी और सुखदेव ढाबे के मध्य दिल्ली की ओर जाने वाले रोड पर टक्कर मार दी। जिससे कार में सवार एक युवक की मौके पर मृत्यु हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। कीड़ी चौकी इंचार्ज महेंद्र सिंह भदोरिया ने बताया कि मथुरा की ओर से एक कार आ रही



थी जिसमें किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। कार में सवार रामवीर पुत्र बच्चू निवासी रनवारी थाना छाता की मौके पर मृत्यु हो गई। कार में राहुल पुत्र रामबाबू निवासी कमई थाना बरसाना, विनोद पुत्र रामवीर निवासी कमई थाना बरसाना और कल्लू पुत्र प्रकाश भी कार में सवार थे, तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।

उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रनवारी गांव के लोगों ने बताया कि रामवीर पहलवानी करता था और वह अपने दोस्तों के साथ रात को कार से शादी में गया था।

# प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय में चलेंगे यूनिक कोर्स

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुरः सिटी** ऑफ नॉलेज के रूप में ख्याति अर्जित कर रहे गोरखपुर में प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य इस माह के अंत तक पूरा हो जाने की उम्मीद है। महायोगी गुरु गोरखनाथ के नाम पर बने इस विश्वविद्यालय में आयुष से जुड़ी सभी चिकित्सा पद्धतियों पर पारंपरिक पाठ्यक्रमों के साथ आज के दौर की आवश्यकताओं के अनुरूप यूनिक कोर्स भी चलाए जाएंगे। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आयुष विभाग के अफसर देश के अन्य राज्यों में चलाए जा रहे आयुष पाठ्यक्रमों के तुलनात्मक अध्ययन



में जुटे हैं ताकि यहां चलाए जाने वाले और नए कोर्स की ड्रॉफ्टिंग की जा सके। फिलहाल पीएचडी समेत दर्जनभर पाठ्यक्रमों को चलाने की रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

**52 एकड़ का है आयुर्वेद विश्वविद्यालय का परिसर**

भटहट के पिपरी में 52 एकड़ क्षेत्रफल में बन रहे महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का शिलान्यास 28 अगस्त 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। आयुष विश्वविद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है। शिलान्यास के बाद वह यहां आकर कई बार निर्माण कार्य का जायजा ले चुके हैं। अब इसका निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। फिनिशिंग से संबंधित जो कुछ कार्य शेष हैं, उसके भी 30 नवंबर 2024 तक पूर्ण हो जाने की उम्मीद है।

उल्लेखनीय है कि आयुष विश्वविद्यालय के अस्तित्व में आने से पहले आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा, योग, सिद्धा की चिकित्सा पद्धति, जिन्हें समन्वित रूप में आयुष कहा जाता है, के लिए अलग-अलग संस्थाएं रही हैं। पर, सत्र 2021-22 से प्रदेश के सभी राजकीय और निजी आयुष कॉलेजों का नियमन अब आयुष विश्वविद्यालय से ही होता है। वर्तमान सत्र 2024-25 में प्रदेश के 97 आयुष शिक्षण (आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी) के कॉलेज/संस्थान इस विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। इस सत्र में इन सभी कॉलेजों में कुल मिलाकर स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों के करीब सात हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एके सिंह बताते हैं कि स्नातक और परास्नातक के साथ मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप समयानुकूल कई और रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे।

# अतिक्रमण करने वालों पर ठोका जुर्माना



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। नगर निगम** मथुरा वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन, गंदगी एवं अतिक्रमण के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में कल्पना सिंह चौहान, सहायक नगर आयुक्त के द्वारा आज औरंगाबाद से टाउनशिप तक प्रतिबंधित पॉलीथिन, प्लास्टिक, गंदगी एवं अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलीथिन का उपयोग करने वाले एवं अतिक्रमण करने वालों पर 11200 रुपये का जुमार्ना किया गया एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई। अभियान के दौरान टीम के साथ जेसीबी ट्रैक्टर सहित नगर निगम की ईटीएफ टीम, क्षेत्रीय थाने से पुलिस बल मौजूद रहा। दुकानदारों को चेतावनी दी गई की भविष्य में प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन का प्रयोग न करें एवं गंदगी तथा अतिक्रमण न करें। अभियान के दौरान नगर निगम मथुरा वृन्दावन से धर्मवीर मय प्रवर्तन दल, सफाई निरीक्षक निहाल सिंह एवं दीपक शर्मा आदि कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

एसजेवीएन
SJVN

# विद्युत उत्पादन से राष्ट्र का सशक्तिकरण




**हमारा साझा विजन**

**2040 तक 50000 मेगावाट**

**2030 तक 25000 मेगावाट**

## घरों, उद्योगों एवं अर्थव्यवस्थाओं के लिए स्वच्छ, विश्वसनीय एवं स्थाई ऊर्जा प्रदान करने में अग्रणी

*एक सतत् एवं समावेशी भविष्य के लिए हमसे जुड़ें।
आइए मिलकर प्राकृतिक ऊर्जा को अपनाएं, नवाचार को आगे बढ़ाएं
और एक उज्ज्वल, हरित भविष्य का निर्माण करें।*

**पंजीकृत कार्यालय** : शक्ति सदन, कारपोरेट ऑफिस काम्पलैक्स, शनान, शिमला–171006, हिमाचल प्रदेश (भारत)

**सम्पर्क कार्यालय** : ऑफिस ब्लाक, टॉवर–1, 6वीं मंजिल, एनबीसीसी कॉम्पलैक्स, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली–110023

**एसजेवीएन लिमिटेड**
**SJVN LIMITED**
(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
'नवरत्न सीपीएसई'

www.sjvn.nic.in   @Sjvnlimited   @Sjvnlimited   @sjvnlimited